# अल्मोड़ा में होली का रंग पूरे शवाब पर

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**अल्मोड़ा।** सांस्कृतिक नगरी में इन दिनों होली की धूम मची हुई है। रविवार का अल्मोड़ा में लोहाघाट की महिला होल्यारों ने होली की शानदार से रंग जमा दिया। एक ओर जहां महिलाएं घर-घर में बैठकी होली कर रही है। वहीं, पुरुषों की खड़ी होली में शृंगार रस की धूम मच रही है। रविवार को अल्मोड़ा नगर के खत्याड़ी, न्यू कालोनी धारानौला, चीनाखान, ढुंगाधारा, दुगालखोला, खोल्टा, मालरोड चौघानपाटा, जौहरी बाजार, थाना बाजार, नयायखोला आदि मोहल्लों में महिलाओं की होली का आयोजन हुआ। इस दौरान महिलाओं ने ढोलकी की थाप व मजीरें की छुन छुन के बीच होली की शानदार महफिलें सजीं। यहां नयाल खोला में भी होली कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां लोहाघाट से महिला महिला होल्यारों ने कार्यक्रम में रंग जमा दिया। महिला होल्यारों ने जय बोलो यशोदा नंदन..., होली आई रही..., शिव के मन माही बसे काशी..., मथुरा में खेल रहे होली..., रंग बरसे भीगे चुनरिया..., मत जाओ पिया होली आई रही..., ब्रज में हरि हरि मचाई, इतत आवे नवल राधिका, उततें कुंवर कन्हाई... आदि होली गीतों की शानदार प्रस्तुति देकर जमकर नृत्य किया। वहीं, स्वांग के जरिये सभी को गुदगुदाया। इधर, लिंक रोड स्थित महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष राधा बिष्ट के आवास में भी होली की धूम रही। यहां महिलाओं ने एक से बढ़कर एक होली गीतों में जमकर ठुमके लगाए। वहीं, स्वांग के जरिए खूब गुदगुदाया। यहां कौशल्या बिष्ट, लता पांडे, दीपा तिवारी, निमिषा तिवारी, पुष्पा, सरिता भट्ट, ज्योत्सना, शोभा ढींगरा, बिना त्रिपाठी, नदी नेगी, बिमला बोरा, गीता



मेहरा, राधा राजपूत, हंसा बिष्ट समेत कई महिलाएं मौजूद रही। इधर, भाजपा नगर मंडल की ओर से ऐतिहासिक हुक्का क्लब में होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा और अन्य भाजपा नेताओं ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। वहीं, होली का गायन कर रंग जमा दिया। यहां भाजपा जिलाध्यक्ष महेश नयाल, पूर्व विधायक कैलाश शर्मा, जिला महामंत्री दर्शन रावत, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रवि रौतेला, नगर अध्यक्ष विनीत बिष्ट, ललित लटवाल, प्रकाश भट्ट, किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री हरीश कनवाल, देवेंद्र भट्ट, कैलाश गुरुरानी, संदीप श्रीवास्तव, प्रेम लटवाल, अर्जुन बिष्ट, मनीष जोशी, डा. हयात सिंह रावत, नीरज सांगा समेत कई लोग मौजूद रहे। वहीं, नगर के मुरली मनोहर में साह-चौधरी समाज की ओर से होली कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान महिलाओं ने रंग गुलाल लगाकर श्रृंगार व भक्ति आधारित होली गायन किया। नैनवा रसके भरे, पिया आआ. ेगे कौन घड़ी....आदि होली का गायन किया। यहां साह चौधरी समाज के अध्यक्ष दीप लाल साह, पूर्व अध्यक्ष प्रभात साह, पूर्व सचिव उदय राज साह, महिला सांस्कृतिक समिति की जया साह, सुदर्शन साह, पवन साह बृजेश साह, महेश चंद्र साह, अभिषेक साह, रेखा साह, निर्मला साह, दिनेश चन्द्र साह, विनीता, पूजा साह, शीला साह, मीनाक्षी साह समेत कई महिलाएं मौजूद रहे। होलिकोत्सव के शुभारंभ मौके पर महिला होत्यारों ने नयाल खोला में मंदिर परिसर में सामूहिक रूप से झोड़ा गायन किया। इससे पूर्व महिला होल्यारों ने मंदिर की विधिवत परिक्रमा की। इस मौके पर महिलाओं ने कां ले छो गंवरा त्वीले जनम आओ हो वसुधारा पड़ी गैछ राता..., महिलाओं ने खोल दे माता खोल भवानी धरम किवाड़ा...समेत कई कुमाऊंनी झोड़ों की शानदार प्रस्तुति दी।

## रानीखेत में फागोत्सव की धूम, टीमों ने बिखेरा रंग और उमंग

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**रानीखेत।** नगर की सांस्कृतिक फिज़ा रंग, राग और रस से सराबोर हो उठी, जब रानीखेत में सांस्कृतिक समिति के तत्वावधान में भव्य फागोत्सव का आयोजन किया गया। इस बार नगर व ग्रामीण क्षेत्र की बीस महिला टीमों के साथ अल्मोड़ा, नैनीताल और भवाली की महिला टीमों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर आयोजन को यादगार बना दिया। फागोत्सव के तहत केमू स्टेशन से भव्य होली गायन यात्रा प्रारंभ हुई, जो सदर बाजार, रोडवेज व जरूरी बाजार होते हुए शिव मंदिर परिसर पहुंची। नगर के विभिन्न स्थानों पर व्यापारियों और नागरिकों ने शोभायात्रा का स्वागत कर जलपान की व्यवस्था की। गांधी चौक में महिला होल्यार टीमों ने पारंपरिक



राग-फाग की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। शिव मंदिर परिसर में आयोजित होली गायन एवं स्वांग प्रतियोगिता का शुभारंभ पूर्व विधायक करण माहरा और पालिका अध्यक्ष अरुण रावत ने चीर बांध कर किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में सिटी मांटेसरी स्कूल के प्रधानाचार्य विनोद खुल्बे तथा समा. जसेवी अतुल अग्रवाल मौजूद रहे। सांस्कृतिक समिति अध्यक्ष विमल सती ने अतिथियों का पारंपरिक स्मृति चिह्न देकर स्वागत किया। होली गायन प्रतियोगिता में नैनी महिला जागृति संस्था, नैनीताल ने प्रथम, कला संस्कृति संगम अल्मोड़ा ने द्वितीय तथा मस्तमौला ग्रुप रानीखेत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं स्वांग प्रतियोगिता में कला संस्कृति संगम अल्मोड़ा प्रथम, मां नंदा सुनंदा महिला दल भवाली द्वितीय और नारी शक्ति रानीखेत तृतीय स्थान पर रहे। विजेता टीमों को ट्राफी एवं नगद पुरस्कार प्रदान किए गए। स्वांग प्रस्तुतियों में हास्य-व्यंग के साथ सामाजिक समस्याओं को उठाते हुए सामाजिक व राजनीतिक व्यवस्था पर भी प्रश्न खड़े किए गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक करण माहरा ने संस्कृति संरक्षण के लिए निरंतर कार्य कर रही समिति की सराहना की और हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। पालिका अध्यक्ष अरुण रावत और विनोद खुल्बे ने भी आयोजन की प्रशंसा करते हुए महिला शक्ति को शुभकामनाएं दीं। नैनीताल के प्रसिद्ध होली गायक स्व. दिनेश चंद्र जोशी 'कन्नू उस्ताद' की स्मृति में सचिता पंत एवं राजेंद्र पंत द्वारा जय गोलू देवता टीम, एरोड़ को उदीयमान टीम पुरस्कार प्रदान किया गया। निर्णायक मंडल में संगीत शिक्षक दिनेश चंद्र जोशी, मीनाक्षी उप्रेती तथा मेघा शामिल रहीं। संचालन दीपक पंत ने किया। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष विमल सती ने सभी प्रतिभागियों, अतिथियों और सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि त्योहारों की परंपरा और मर्यादा को नई पीढ़ी तक पहुंचाना समय की आवश्यकता है।

## नवचेतना मंच के रंग-तरंग कार्यक्रम में जमकर झूमे दर्शक

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**काशीपुर।** उदयराज हिंदू इंटर कालेज के प्रेक्षागृह परिसर में भारती नवचेतना सांस्कृतिक समिति के तत्वावधान में होली के विशेष पर्व पर आयोजित कार्यक्रम रंग-तरंग संगीत संध्या का शुभारंभ मुख्य अतिथि महापौर दीपक बाली, कार्यक्रम अध्यक्ष विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, विशिष्ट अतिथि उत्तराखंड कांग्रेस के महासचिव अनुपम शर्मा एवं मंच के संरक्षक गणों ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया। इस दौरान नवचेतना सांस्कृतिक मंच के कलाकारों शालिनी कचौड़िया, अमित शर्मा, मयंक शर्मा, श्वेता नगर, गायत्री नगर, महेंद्र लोहिया, संगम पंत, अमन बाली, देवांश शर्मा, गौरी शर्मा, अमित शर्मा अर्पिता पंत, गीतिका पंत अरोरा आदि ने अपनी-अपनी प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। वहीं नगर निगम महापौर श्री बाली ने -'चलते चलते मेरे ये गीत याद रखना, कभी अलविदा ना कहना।' गाने के साथ संगीत की शाम को और सुनहरा बना दिया। इससे पूर्व प्रारंभ में सभी अतिथियों एवं श्रोताओं का चंदन का तिलक लगाकर एवं टाइटल से अभिनंदन किया गया। अंत में नवचेतना समिति अध्यक्ष अपूर्व मेहरोत्रा ने सभी का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का प्रारंभिक संच. ालन सचिव विकल्प गुड़िया एवं पूरे कार्यक्रम का संचालन बहुत ही अनोखे अंदाज के साथ मंच के युवा कलाकार अपूर्व पंत एवंश्वेत नागर द्वारा किया गया। इस अवसर पर उद्योगपति एवं मंच के संरक्षक योगेश कुमार जिंदल, प्रमोद अग्रवाल, संजय चतुर्वेदी, लता शर्मा, देवेन्द्र कुमार अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज पाल, खिलेंद्र चौधरी, मुक्ता सिंह, प्रमोद कुमार तोमर, मनोज कुमार अग्रवाल, डा मनोज आर्य, खंड शिक्षा अधिकारी डीके साहू, डॉ. केके अग्रवाल, डॉ. वीना जोशी, डॉ. रजनीश शर्मा, डॉ. संजीव गुप्ता, कल्पना गुड़िया, बीना मेहरोत्रा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## धान की नर्सरी नष्ट नहीं करने की मांग, ज्ञापन दिया

**काशीपुर।** धान की नर्सरी (पौध) नष्ट न करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को पत्र सौंपा गया है। भाजपा के निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष गुरबक्श सिंह बग्गा द्वारा सौंपे गए पत्र में कहा गया कि जिलाधिकारी द्वारा निचली जमीनों में गर्मी वाला धान अनुमति लेकर लगाने के आदेश जारी किये गए थे जिसके लिये किसानों द्वारा धान की नर्सरी डाली गई है, जिसे स्थानीय प्रशासन द्वारा नष्ट किया जा रहा है। इससे अनुमति लेने के बाद भी किसान नर्सरी (पौध) के अभाव में धान नहीं लगा पायेंगे। इससे किसानों को अत्यधिक धन हानि होगी।

## एक नजर

### आपसी विवाद में झोका फायर, तीन घायल

**अल्मोड़ा।** भैंसियाछाना ब्लॉक के मंगलता क्षेत्र में आपसी विवाद का मामला सामने आया है। आरोपी ने पति-पत्नी और बेटे पर फायर झोंक। छर्रे लगने से पति-पत्नी और बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। मामले में शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार विकासखंड भैंसियाछाना के मंगलता निवासी सुरेश सिंह चम्याल ने धौलछीना थाने में तहरीर सौंपी। तहरीर में कहा कि उनका छोटा भाई अर्जुन सिंह भवन निर्माण को लेकर मजबूर के साथ कार्य स्थल पर गए थे। इसी दौरान गांव के ही राजेंद्र सिंह ने उन्हें रोक दिया और बिना बात के गाली गलौच पर उतर आया। विरोध करने पर आरोपी मारपीट पर उतर बंदूक निकाली ली और एकाएक फायर झोंक दी। मौके पर उनके साथ पत्नी और बेटा भी था। फायर के छर्रे उनके भाई उसकी पत्नी और भतीजे को लग गए। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए है। बताया कि आसपास के लोगों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया। जहां से तीनों घायलों को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। इधर, थानाध्यक्ष सुनील सिंह बिष्ट ने बताया कि पीड़ित के परिजनों की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### शांतिपुरी में होलियारों ने चार चांद लगाए

**शांतिपुरी।** शांतिपुरी नंबर 2 में मुख्य अभियंता विद्युत विभाग, शेखर त्रिपाठी और खिमानंद त्रिपाठी के आवास पर होली के मौके पर एक रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बाहर से भी कई होलियारों ने भाग लिया और कार्यक्रम में चार चांद लगाए। कार्यक्रम में अपनी आवाज का जादू बिखेरने वाले कलाकारों में भैरव त्रिपाठी, कैलाश उपाध्याय, बाले सिंह को. रंगा, जगतपाल, डा. गणेश उपाध्याय, नारायण सिंह बिष्ट, एडवोकेट राजेंद्र शर्मा, सुभाष चंद्र जोशी, हेमंत पांडे, गोपाल उपाध्याय, प्रताप सिंह कोरंगा, अनिल जोशी, कर्नल रमेश जोशी, इंदर सिंह मेहता, मंजू पाठक, किरण त्रिपाठी, रेनू त्रिपाठी, कला पुनेठा, और जया जोशी प्रमुख रूप से शामिल थे। कार्यक्रम की शुरुआत 3 बजे से हुई और 6 बजे तक चलता रहा। उपस्थित सभी लोगों ने होली के रंगों में रंगकर कार्यक्रम का पूरा आनंद लिया।

### पूर्व विधायक माहरा ने भेंट की रजाइयां

**रानीखेत।** पूर्व विधायक एवं कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने रविवार को शिक्षक हित में सराहनीय पहल करते हुए शिक्षक भवन अल्मोड़ा के लिए 25 रजाइयां भेंट कीं। शिक्षक भवन अल्मोड़ा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान संगठन पदाधिकारियों ने करन माहरा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सहयोग शिक्षकों की आवश्यकताओं की पूर्ति में सहायक सिद्ध होगा। यहां संगठन के जिला अध्यक्ष किशोर जोशी, ब्लॉक अध्यक्ष मनोज पाठक, मंत्री दिनेश भंडारी, संगठन मंत्री मनोज कुमार जोशी तथा चंद्र कुमार पपने सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### शाही की माता के निधन पर सीएम ने जताया दुख

**अल्मोड़ा।** भाजपा नेता एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अनिल सिंह शाही की माता रेवती देवी के निधन पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को उनके बग्वालीपोखर स्थित आवास पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही परिजनों से मुलाकात कर दुख की घड़ी में धैर्य बनाए रखने की अपील की। मुख्यमंत्री सीएम धामी ने कहा कि माता का स्नेह, त्याग और मार्गदर्शन जीवन की अमूल्य पूंजी होता है, जिसकी कमी कभी पूरी नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि परिवार के लिए यह क्षति अत्यंत पीड़ादायक है, लेकिन ऐसे समय में आत्मबल और पारिवारिक एकजुटता ही सबसे बड़ी शक्ति बनती है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए शोकाकुल परिवार को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार और वह स्वयं इस दु:ख की घड़ी में परिवार के साथ खड़े हैं।

### गंगा सिंह सामंत बने करणी सेना के प्रदेश महामंत्री

**कालाढूंगी।** नयागांव निवासी और पूर्व बीडीसी मेंबर गंगा सिंह सामंत को करणी सेना के उत्तराखंड प्रदेश महामंत्री के पद पर नियुक्त किया गया है।



यह घोषणा करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष सुरज चौधरी ने की। प्रदेश अध्यक्ष सुरज चौधरी ने बताया कि गंगा सिंह सामंत द्वारा समाज और राष्ट्रहित में किए गए निरंतर और निस्वार्थ कार्यों को ध्यान में रखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण पद सौंपा गया है। उन्होंने विश्वास जताया कि गंगा सामंत प्रदेश में करणी सेना का संगठन स्थापित करने के कार्य को शीघ्र पूरा करेंगे और सभी करणी सैनिकों के साथ मिलकर एक नया कीर्तिमान स्थापित करेंगे। नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री गंगा सिंह सामंत ने इस सम्मान के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह संगठन की उम्मीदों पर खरा उतरने की पूरी कोशिश करेंगे। साथ ही, शीघ्र ही प्रदेश में संगठन की मजबूती के लिए जिम्मेदार साथी चुनने का कार्य करेंगे। गंगा सामंत के मनोनयन पर हल्द्वानी महापौर गजराज सिंह बिष्ट, प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिष्ट, युवा गौरव सेनानी संगठन के जीवन सिंह देऊपा, उमेश जोशी, कमलेश देऊपा, कनिष्ठ प्रमुख अपूर्व बिष्ट, ज्येष्ठ प्रमुख गीता तिवारी, दीपा ढौंढियाल, पूर्व प्रमुख रवि कन्याल और अन्य प्रेमियों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### मानव-वन्यजीव संघर्ष व वनाग्नि रोकथाम पर मंथन

**अल्मोड़ा।** सिविल सोयम वन प्रभाग ने ष्प्रभाग दिवसष का आयोजन उत्साहपूर्वक किया, जिसका मुख्य उद्देश्य मानव-वन्यजीव संघर्ष की रोकथाम, जन जागरूकता बढ़ाना और आगामी वनाग्नि सत्र के लिए सतर्कता सुनिश्चित करना था। सभी सात रेंजों में अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें ग्रामीणों को वन संरक्षण और आग से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। बिनसर रेंज में मानव-वन्यजीव संघर्ष पर चर्चा हुई, जबकि कोसी रेंज में सामुदायिक सहयोग से वनाग्नि की घटनाओं को रोकने पर जोर दिया गया। जागेश्वर रेंज में सीएम हेल्पलाइन से प्राप्त शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया गया और अग्नि रेखाओं के संरक्षण पर बल दिया गया।

### सूपाकोट में एकता पर्व पर होली की धूम

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**सोमेश्वर।** पर्व-त्योहारों में एकता और संस्कृति की जीवंत परंपरा को बनाये रखते हुए सूपाकोट गांव में होली का आयोजन बड़े उल्लास और श्रद्धा के साथ किया गया। गांव में रह रहे लोग, भले ही पलायन के कारण कम रह गए हों, सदियों से चली आ रही सांस्कृतिक परंपराओं का पालन कर रहे हैं। इस



अवसर पर होलियारों ने घर-घर जाकर खड़ी होली गाई। शंखध्वनि के साथ चीर की आरती की गई और वातावरण में होली की धूम ने सभी को भक्तिभाव से झूमने पर मजबूर कर दिया। द्वादसी के दिन चीर के साथ शंखध्वनि में आरती करने के बाद उत्तराखण्ड कार्मिक एकता मंच के संस्थापक अध्यक्ष रमेश चन्द्र पाण्डे ने गांववासियों की परंपरा को बनाए रखने की सराहना की और कहा कि इस परंपरा को जीवित रखने के लिए ये लोग बधाई के पात्र हैं। इस अवसर पर होलियारों में डीएन उप्रेती, मंगल पाण्डे, गणेश पाण्डे, रमेश चन्द्र पाण्डे, जुगल किशोर पाण्डे, जनार्दन पाण्डे, नवीन उप्रेती, प्रकाश उप्रेती, देवेन्द्र पाण्डे, दिनेश जोशी, मोहित पाठक, वरुण पाण्डे, मनीश पाण्डे, दीशू, लक्की, कमल और राजू जोशी थे।

## त्योहारों को शांति और भाईचारे के साथ मनाने की अपील

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**कालाढूंगी।** कोतवाली में निरीक्षक अरुण कुमार सैनी और तहसीलदार के नेतृत्व में होली, रमजान और ईद के त्योहारों को लेकर एक महत्वपूर्ण अमन कमेटी बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में संभ्रान्त व्यक्तियों ने भाग लिया



और सभी त्योहारों को आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील की गई। बैठक में विशेष रूप से यह आग्रह किया गया कि किसी पर जबरदस्ती रंग न फेंका जाए और जो लोग होली में रंग नहीं खेलते, वे बिना किसी वजह के घर से बाहर न निकलें। सभी धर्मों के प्रतिनिधियों ने कहा कि कालाढूंगी क्षेत्र में सभी त्योहार शांतिपूर्वक और भाईचारे के साथ मनाए जाते हैं, लेकिन होली के दिन शराब पीकर हुड़दंग मचाने और अराजकता फैलाने वाले व्यक्तियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। बैठक में यह भी चर्चा हुई कि अवैध शराब, बाजार क्षेत्र में प्रेशर हॉर्न बजाने, बुलेट बाइक से पटाखे छोड़ने जैसी गतिविधियों पर कार्रवाई की जाए। इस बैठक में उपनिरीक्षक पंकज जोशी, बैलपड़ाव चौकी इंचार्ज राजवीर सिंह नेगी, कोटाबाग चौकी इंचार्ज देवेंद्र सिंह राणा, व्यापार मंडल अध्यक्ष पुष्कर खनायत, राकेश गोयल, दीवान सिंह बिष्ट, गोपाल बुधलाकोटी, कैलाश बुधलाकोटी, हरीश मेहरा, तारा चंद्र पांडे, पूर्व ब्लॉक प्रमुख रवि कन्याल, सभासद रोहित बुधलाकोटी, गोधन सिंह सैनी, जामा मस्जिद के सदर वकील अहमद, मतलूब इलाही, नदीम अहमद, हाफिज इमामुद्दीन, शाकिर हुसैन और अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

## कुकुड़ा माई मंदिर को विकसित करने की दिशा में प्रशासन प्रतिबद्धः डीएम

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**बागेश्वर।** जनपद बागेश्वर के कुमाऊँ अंचल में लगभग 1400 मीटर की ऊंचाई पर बांस, बदांश, काफल, देवदार एवं चीड़ के घने वनों के मध्य स्थित कुकुड़ा माई मंदिर आस्था और प्राकृतिक सौंदर्य का अद्भुत संगम प्रस्तुत करता है। यह मंदिर मां दुर्गा के अवतार रूप में पूजित देवी कुकुड़ा माई को समर्पित है। जनश्रुतियों के अनुसार देवी ने एक स्थानीय चरवाहे को स्वप्न में दर्शन देकर यहां मंदिर निर्माण का निर्देश दिया था, जिसके बाद यह स्थल श्रद्धालुओं की गहरी आस्था का केंद्र बन गया। प्रत्येक वर्ष अप्रैल माह में आयोजित होने वाला कुकुड़ा माई उत्सव हजारों श्रद्धालुओं को आकर्षित करता है, जिससे यह स्थल धार्मिक पर्यटन की दृष्टि से विशेष महत्व रखता है। हाल ही में जिला. धिकारी आकांक्षा कोंडे द्वारा क्षेत्र के भ्रमण के दौरान मंदिर की ऐतिहासिक एवं पौराणिक पृष्ठभूमि की जानकारी



ली गई तथा मूलभूत सुविधाओं की स्थिति का अवलोकन किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक जितेंद्र मेहरा,प्रभागीय वनाधिकारी आदित्य रत्ना भी उपस्थित रहे। क्षेत्र में विद्युत एवं पेयजल से संबंधित चुनौतियों के समाधान हेतु जिला प्रशासन द्वारा ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। मंदिर परिसर एवं मार्ग में सोलर लाइटें स्थापित की जा चुकी हैं तथा जल एवं विद्युत व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने की प्रक्रिया प्रगति पर है। जिला. धिकारी आकांक्षा कोंडे ने कुकुड़ा माई मंदिर क्षेत्र को पर्यटन की दृष्टि से अत्यंत संभावनाशील बताते हुए स्पष्ट किया कि जिला प्रशासन इस सुंदर एवं आध्यात्मिक स्थल को बागेश्वर के प्रमुख पर्यटन गंतव्य के रूप में विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। स्वच्छता, सुगम पहुंच मार्ग, प्रकाश व्यवस्था एवं आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के माध्यम से इस क्षेत्र को धार्मिक एवं प्रकृति पर्यटन के मानचित्र पर सशक्त पहचान दिलाने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है।

## आईएमए काशीपुर में पदग्रहण समारोह

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**काशीपुर।** आईएमए द्वारा यहां एक रिसॉर्ट में पद ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया, जिसके मुख्य अतिथि आईएमए उत्तराखंड राज्य शाखा के सचिव डॉ. डीडी



चौधरी रहे। मुख्य अतिथि ने चिकित्सकों की एकजुटता को समय की आवश्यकता बताते हुए कहा कि संगठित प्रयासों से ही चिकित्सा क्षेत्र की गरिमा और समाज का विश्वास सुदृढ़ होता है। आईएमए काशीपुर शाखा के अध्यक्ष डॉ. पीके दीक्षित ने संगठन की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आईएमए केवल एक संस्था नहीं, बल्कि चिकित्सकों का एक सशक्त परिवार है। उनके संतुलित नेतृत्व और स्पष्ट दृष्टिकोण ने शाखा को स्थिरता, सम्मान और नई मजबूती प्रदान की है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में आईएमए काशीपुर के सचिव डॉ. तरुण सोलंकी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। समारोह में नवनिर्वाचित कार्यकारिणी की विधिवत शपथ दिलाई गई। वर्ष 2025-2026 की कार्यकारिणी के सदस्यों में डॉ. यशपाल रावत, डॉ. नक्षत्र अग्रवाल, डॉ. भारती गहतोड़ी, डॉ. एसके दीक्षित, डॉ. रजत गुप्ता, डॉ. रूचि रस्तोगी, डॉ. रजत अग्रवाल, डॉ. कनिका अग्रवाल सरफ, डॉ. विभा मेहरोत्रा, डॉ. पारुल सिंघल, डॉ. सोनल मेहरोत्रा, डॉ. शत्रुंजय शर्मा, डॉ. एसके अग्रवाल, डॉ. मयंक अग्रवाल डॉ. भारत भूषण गुप्ता, डॉ. रवि सहोता, डॉ. वीके छाबड़ा, डॉ. अरविंद शर्मा, डॉ. सतांशु माधुर, डॉ. रंजन शर्मा डॉ. एसपी गुप्ता, डॉ. बीएम गोयल, डॉ. आरके शर्मा तथा डॉ. एके बंसल आदि शामिल हैं। इस दौरान डॉ. केके अग्रवाल, डॉ. इला मेहरोत्रा, डॉ. नेहा उप्रेती, डॉ. कुशल अग्रवाल, डॉ. गुरपाल सहोता, डॉ. रिची सोलंकी, डॉ. नवप्रीत कौर सहोता, डॉ. नयना अग्रवाल, डॉ. त्रिभुवन, डॉ. अभिषेक सराफ, डॉ. एके सिरोही, डॉ. अंकुर अग्रवाल, डॉ. वीना जोशी, डॉ. प्रदीप रस्तोगी, डॉ. अर्चना चौहान, डॉ. अभिषेक गोयल आदि शामिल रहे।

## अवैध लकड़ी से भरा पिकअप पकड़ा

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**शांतिपुरी।** रविवार को शांतिपुरी नंबर चार के पास वन विभाग की टीम ने अवैध लकड़ी तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए आम की लकड़ी से



भरे एक पिकअप को पकड़ा टीम ने पिकअप और बरामद लकड़ी को कब्जे में लेकर वैधानिक कार्रवाई के लिए डौली रेंज स्टाफ के सुपुर्द कर दिया है। रविवार सुबह मुखबिर की सूचना पर वन सुरक्षा टीम ने अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान टीम ने वाहन संख्या यूके 04/सीए 7875 को रोकने का प्रयास किया। लेकिन वन टीम को देखते ही चालक वाहन मौके पर छोड़कर फरार हो गया। जांच में पाया गया कि वाहन में आम प्रजाति के वृक्षों का अवैध कटान कर बिना वैध प्रपत्रों के किच्छा की ओर ले जाई जा रही थी, जो वन अधिनियम का गंभीर उल्लंघन है। वन विभाग ने फरार चालक की तलाश तेज कर दी गई है और संबंधित तस्करों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। टीम में सुरक्षा दल के प्रभारी धन सिंह अधिकारी, वन दरोगा दिनेश पंत, फॉरेस्ट गार्ड ललित सिंह बिष्ट आदि मौजूद थे।

रमज़ान मुबारक



ज़ाहिद कुरैशी
समाजसेवी कालाढूंगी, नैनीताल 9756682163

रमज़ान मुबारक



सरवर अली
सभासद वार्ड नंबर-03
नगर पालिका कालाढूंगी जिला नैनीताल
+91 63988 36682

रमज़ान मुबारक



मोहम्मद हसनैन ख़तीबी
(पूर्व उपाध्यक्ष)
उत्तराखण्ड मदरसा बोर्ड उत्तराखंड सरकार
हल्द्वानी (नैनीताल)
मो. 9719824399

माह-ए-रमज़ान मुबारक



बासित खान
(सदर)
जामा मस्जिद कमेटी
काठगोदाम
जिला - नैनीताल
मो० 9412085347

मून सर्विस प्वाइंट
फ्रिज, वाशिंग मशीन, एयर कंडीशनर रिपेयर एंड स्पेयर पार्ट्स
(एयर कंडीशनर किराये पर उपलब्ध है)



Zubair Khan Najeeb Khan
Near-Axis Bank ATM, Church Compound
Nainital Raod Haldwani Mo: 9837036176, 9837314505

रमज़ान माह की दिली मुबारकबाद



इसरार हुसैन
प्रदेश उपाध्यक्ष
भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा, उत्तराखंड।

रमज़ान मुबारक
जनसेवा एकता कमेटी



अध्यक्ष अलीम खान
उपाध्यक्ष अनवर उर्फ मुन्नू
कार्यालय: बरेली रोड, उजाला नगर, हल्द्वानी
मो. 9837519829

रमज़ान माह की दिली मुबारकबाद



मोकिन सैफी
(विधानसभा अध्यक्ष)
यूथ कांग्रेस, हल्द्वानी-नैनीताल
पार्षद पुत्र वार्ड 33, नगर निगम हल्द्वानी

रमज़ान माह की दिली मुबारकबाद



हाजी नदीम अहमद
पूर्व प्रदेश महासचिव
यूथ कांग्रेस उत्तराखण्ड, कालाढूंगी

# अमन कमेटी की बैठक संपन्न

- **दो मार्च को होलिका पूजन, तीन मार्च को दहन व चार मार्च को रंगोत्सव**
- **आपसी सौहार्द की मिसाल कायम, नमाज का टाइम एक घंटे बढ़ाया गया**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** होली व रमजान के पर्व को लेकर कोतवाली मे अमन कमेटी की बैठक समपन्न हुई। जिसमे आगामी त्यौहार को लेकर आपसी सौहार्द से शांतिपूर्ण तरीके से मनाये जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में समिति होलि. का कमेटी के कोषाध्यक्ष रविशंकर शुक्ला ने बताया कि आगामी 2 मार्च की सुबह 11 बजे व होलिका पूजन व 3 मार्च की शाम 5 बजे होलिका दहन व 4 मार्च को रंगोत्सव (छलड़ी) मनाया जाएगा।

बैठक में जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी के सदर शकील खान ने कौमी एकता की मिसाल कायम करते हुए रंग वाले दिन चार मार्च को शहर की जामा मस्जिद मे जोहर की नमाज का टाईम एक घंटा बड़ाकर दोपहर दो बजे किये जाने के निणर्य की बात कही। मौहल्ला खताड़ी मे मिश्रित आबादी वाले क्षेत्र मे स्थित छप्पर वाली मस्जिद मे भी नमाज का टाईम बड़ाकर दो बजे रखे जाने का निर्णय की जानकारी वहां के सभासद मौ. अजमल ने दी गयी। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख मंजू नेगी,ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख संजय नेगी और नगर पालिकाध्यक्ष हाजी मौ. अकरम ने होली के पर्व को आपसी भाईचारे व शांतिपूर्ण तरीके से मनाये जाने की गुजारिश की व होली के अवसर पर चलाये जाने वाले विशेष सफाई अभियान की जानकारी दी। बैठक मे कॉग्रेस नगराध्यक्ष भुवन शर्मा व खिदमते खल्क के अध्यक्ष जिशान कुरैशी ने होली पर हुंडदंगियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की मांग की। सभासद पारस गोला ने होली पर पेयजल की सुचारू व्यवस्था की मांग रखी गयी। एसडीएम ने सभी को होली के पर्व की बधाई देते हुए आपसी सौहार्द से होली मनाये जाने व अफवाहों पर ध्यान नहीं दिए जाने की बात कही। बैठक में ट्रैफिक इंस्पेक्टर वेदप्रकाश भट्ट , एसएसआई महेन्द्र प्रसाद, मुंशी शेखर बिष्ट, पालिका के प्रभारी स्वास्थ निरीक्षक लल्ला मियॉ, शीशपाल सिंह, दुर्गेश कुमार जोशी, तनुज दुर्गापाल, शिवि अग्रवाल, सचिन कुमार, डॉ. जफर सैफी, पुनी शंकर अग्रवाल, हिमांशु अग्रवाल, अमित मोहन अग्रवाल, विनोद अंजान, तेजपाल, जयदेव सिंह, मौ. अजीम एडवोकेट, राजीव अग्रवााल, जुगेश अरोड़ा बंटी, नदीम वारसी, अरबाज खान आदि मौजूद रहे।

# शॉर्ट सर्किट से लगी आग, चार लाख से अधिक का सामान जला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** नौगवांठग्गू निवासी अमित राणा के घर में शॉर्ट सर्किट से लगी आग से घर का लगभग चार लाख से अधिक का घरेलू सामान जलकर राख हो गया। आग की घटना की जानकारी परिजनों को धुआं उठने व आग की लपटों से लगा। मौके पर पहुंचे नानकमत्ता के विधायक गोपाल सिंह राणा ने पीड़ित परिवार को उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

पीड़ित परिवार ने बताया कि शनिवार दोपहर उपरांत हुई आगजनी की घटना के समय फायर ब्रिगेड उपलब्ध नहीं हो सकी जिस कारण घर का सारा सामान जलकर राख हो गया। आगजनी की घटना में अपना सब कुछ गंवा चुके अमित राणा ने बताया कि आग की घटना के समय अग्निशमन दस्ता मुख्यमंत्री कार्यक्रम में ड्यूटी पर था। सितारग. ंज व टनकपुर से अग्निशमन टीम के पहुंचने तक सब कुछ जलकर नष्ट हो चुका था।

पीड़ित ने बताया कि इस घटना में चार लाख से अधिक का घरेलू सामान जलकर राख हो गया। हल्का पटवारी ने मौके पर पहुंचकर घटना का जायजा लेकर रिपोर्ट शासन को भेज दी है। पीड़ित परिवार ने उचित राहत की मांग की है।

## एक नजर

# योगेश जोशी मेमोरियल के तीन बच्चों ने सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवीधुरा।** मां वाराही धाम स्थित योगेश जोशी मैमोरियल शिव शक्ति पब्लिक स्कूल देवीधुरा के तीन छात्रों ने कक्षा 6 के लिए सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय का रिकार्ड कायम रखा है।



विदित है कि इस विद्यालय से प्रतिवर्ष कई छात्र विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में के लिए चयनित होते आ रहे हैं, जिनमें मुख्य रूप से सैनिक स्कूल, राजीव नवोदय विद्यालय, जवाहर नवोदय विद्यालय, विद्या ज्ञान सम्मिलित हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य बृजमोहन जोशी ने बताया कि इस वर्ष विद्यालय से सूरज तिवारी, तरुण सिनग्वाल एवं नवल पडियार ने कक्षा 6 के लिए सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय सहित क्षेत्र का नाम रोशन किया है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता राजेश बिष्ट, खण्ड शिक्षा अधिकारी भारत जोशी एवं उप शिक्षा अधिकारी संजय भट्ट ने विद्यालय परिवार को बधाई देते हुए अपार हर्ष जताया है। चयनित छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय के प्रधानाचार्य बृजमोहन जोशी को दिया । जिन्होंने रविवार एवं शीतावकाश में नि:शुल्क अतिरिक्त कक्षाओं का संचालित कर परीक्षा की तैयारी कराई।

# टेडाघाट नीलकंठ मंदिर व बरी अंजनिया में कुमाऊंनी खड़ी होली की धूम

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**खटीमा।** नीलकंठ महादेव मंदिर टेडाघाट में कुमांऊनी खड़ी होली की शुरुआत - शिव शंकर खेले होली सदा शिव शंकर खेले होली, के बोल से हुई। इस दौरान आसपास के महिला, पुरुष होल्यारों ने जमकर होली खेली। इस दौरान पं मनोरथ तिवारी, कैलाश चंद्र जोशी, महेश चंद्र जोशी, बच्ची सिंह धामी, इशान जोशी, नवीन चौड़ा कोटी, दीपक गडकोटी, गंगा दत्त, चंचल सिंह बिष्ट आदि मौजूद रहे। इधर ग्राम बरी अंजनियां निवासी अंबादत भट्ट के आवाज पर कुमांऊनी खड़ी होली की शुरुआत- अंबा के भवन विराजे होली, भलो - भलो जन्म लियो श्याम राधिका आदि बोलो से हुई। होली में महिला होल्यारों ने खूब रंग जमाया। होली के बीच स्वांग, हंसी ठिठोली का भी होल्यारों ने खूब आनंद लिया।

# तन्मय तोमर ने मुख्यमंत्री को भेंट किया गुलदस्ता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** पुष्कर सिंह धामी के काशीपुर आगमन पर स्थानीय लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। सुल्तानपुर पट्टी क्षेत्र के गांव रामजीवनपुर निवासी एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य टिंकू तोमर के पुत्र तन्मय तोमर ने मुख्यमंत्री का गुलदस्ता भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री धामी ने तन्मय तोमर को होली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और आशीर्वाद प्रदान किया। संक्षिप्त मुलाकात के दौरान आत्मीयता और सौहार्द का वातावरण देखने को मिला। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल रहा। स्थानीय लोगों ने इसे अपने क्षेत्र के लिए गर्व का क्षण बताया और मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया।

# सेना की पारदर्शी प्रक्रिया के बीच अग्निवीर बनने को उमड़े अभ्यर्थी

- **रैली के तीसरे दिन 1000 से अधिक युवाओं ने दिखाया दमखम**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बनबसा ( चंपावत )।** सेना भर्ती कार्यालय (एआरओ) पिथौरागढ़ के तत्वावधान एवं जेडआरओ लखनऊ के निर्देशन में बनबसा सैन्य स्टेशन में आयोजित अग्निवीर भर्ती रैली का तीसरा दिन सेना के निर्धारित नियमों और मानकों के अनुरूप सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस दौरान पिथौरागढ़ और चंपावत जनपद के 1000 से अधिक अभ्यर्थियों ने अग्निवीर जनरल ड्यूटी (जीडी) श्रेणी के लिए भर्ती प्रक्रिया में भाग लिया।



अभ्यर्थी सुबह निर्धारित समय पर भर्ती स्थल पहुंचे, जहां दस्तावेजों की जांच के बाद उन्हें शारीरिक दक्षता परीक्षा में शामिल किया गया। इसमें 1600 मीटर दौड़, बीम (पुल-अप), संतुलन और अन्य निर्धारित परीक्षण सेना के तय मानकों के अनुसार कराए गए। पूरी प्रक्रिया सेना अधिकारियों की निगरानी में अनुशासन और पारदर्शिता के साथ संपन्न हुई। भर्ती स्थल पर सुरक्षा, चिकित्सा सुविधा, पेयजल और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं, ताकि अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। सेना अधिकारियों ने अभ्यर्थियों को निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन करने और भर्ती प्रक्रिया को निष्पक्ष बनाए रखने के लिए सहयोग करने की अपील की। अभ्यर्थियों में सेना में भर्ती होकर देश सेवा करने का उत्साह स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। दूर-दराज क्षेत्रों से पहुंचे युवाओं ने पूरे जोश और अनुशासन के साथ भर्ती प्रक्रिया में भाग लिया। सेना अधिकारियों के अनुसार अग्निवीर भर्ती रैली निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आगामी दिनों में भी जारी रहेगी।

# लखनपुर स्पोर्ट्स क्लब में होली को लेकर हुई बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** लखनपुर स्पोर्ट्स क्लब रामनगर में होली के आयोजन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक हुई।जिसमें लखनपुर स्पोर्ट्स क्लब के सदस्यों के अलावा गणमान्य लोगों ने भागीदारी की।

बैठक में लोगों ने प्यार, मोहब्बत, उमंग,सद्भाव,भाईचारा,सुख, समृद्धि,ऐश्वर्या जीवन के रंगों के त्यौहार होली पर्व को शराब ,नशा, हुड़दंग ,अश्लीलता जोर जबरदस्ती आदि से दूर रखने की अपील की है। वरिष्ठ अधिवक्ता बालम सिंह बिष्ट की अध्यक्षता एवं राज्य आंदोलनकारी प्रभात ध्यानी के संचालन संपन्न बैठक में निर्णय लिया गया कि होली का त्यौहार जीवन में खुशियों के रंग से जुड़ा हुआ है। इसलिए होली के त्यौहार को आपसी प्रेम ,सद्भाव भाईचारा के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाये और लोगों से अपील की गई है कि होली के त्योहार में शराब, नशा, हुड़दंग , अश्लीलता, जोर जबरदस्ती आदि से स्वयं को भी दूर रखें और अपने परि. जनों, मित्रों, साथियों लोगों को भी प्रेरित करने का कोशिश करें। बैठक में बालम सिंह बिष्ट, हेमचंद्र पांडे, प्रेमचंद नैनवाल,देवेंद्र चंद्र भट्ट , हेमचंद्र नैनवाल,बीएस डंगवाल,दिनेश चंद जोशी, प्रेम सिंह बिष्ट,पंकज मंदोलिया,दीपक पांडे, डा. धनेश्वरी घिल्डियाल,निशांत पपने ,नवीन तिवारी , गिरधर सिंह मनराल, गणेश रावत,संजय डौर्वी, गोपाल दत्त रिखारी , आनंद सिंह कडाकोटी, ललित मोहन बिष्ट, कमल जोशी , एडवोकेट हीरा सिंह सजवान, प्रकाश फूलोरिया,योगेंद्र सिंह मनराल, चंद्रप्रकाश खाती, इंद्र सिंह मनराल आदि मौजूद रहे।

# होली व रमजान को लेकर पीस कमेटी की बैठक

- **शांति एवं सौहार्द के साथ पर्व मनाने की अपील**
- **हुड़दंगियों और सोशल मीडिया पर रहेगी पहली नजर**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** आगामी त्यौहारों होली और रमजान को लेकर खटीमा कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक कोतवाल विजेंद्र शाह के नेतृत्व में हुई। जिसमें क्षेत्र के विभिन्न समुदायों के जनप्रतिनिधि, गणमान्य व्यक्ति तथा व्यापारी व व्यवसाई मौजूद रहे। बैठक में आगामी त्योहारों को अमन-चौन, आपसी भाईचारे, शांति और सौहार्द के साथ मनाने की अपील की गई।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र शाह ने चेतावनी दी कि त्योहारों के नाम पर माहौल खराब करने वालों को बख्सा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि नशे की हालत में हुड़दंग करने वालों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। इसके साथ ही महिलाओं पर छींटाकशी या अभद्र व्यवहार करने वालों को खिलाफ तत्काल विधिक कार्रवाई की जाएगी।



इसके साथ उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट या आपत्तिजनक कॉमेंट करने वालों पर भी साइबर सेल की कड़ी नजर रहेगी। उन्होंने सभी से त्योहार को शांति, सद्भाव और सौहार्द के साथ मनाने की अपील की। वहीं बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने भी प्रशासन को पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया।

इस मौके पर उप निरीक्षक किशोर पंत, बाजार चौकी इंचार्ज जीवन सिंह चुफाल, रवीश भटनागर, सभासद असलम अंसारी, नफीस अंसारी, जीशान ओवैसी, मोहम्मद शरीफ, जवाहरलाल, खिलानंद जोशी, राज. कुमार, विजय कुमार, सुरेश, हरिशंकर, मोले सिंह, मुक. ेश, नसरुद्दीन सोहेल आदि उपस्थित रहे।

# मंदिर निर्माण विवाद में छेड़छाड़ का आरोप

- **दोनों पक्ष ट्रैक्टर-ट्रॉली में भरकर पहुंचे कोतवाली**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** ग्राम बहादुरगंज में मंदिर निर्माण को लेकर चल रहे विवाद ने उस समय तूल पकड़ लिया जब एक महिला ने अपनी पुत्री के साथ छेड़छाड़ और मारपीट का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी। मामले में दूसरे पक्ष के ग्रामीण भी ट्रैक्टर-ट्रॉली में भरकर कोतवाली पहुंच गए और पुलिस को अपनी बात से अवगत कराया। पुलिस ने निष्पक्ष जांच का आश्वा. सन दिया है।

बहादुरगंज निवासी चंद्रावती ने कोतवाली पहुंचकर एसआई कुसुम रावत को तहरीर सौंपते हुए आरोप लगाया कि उनकी पुत्री के साथ छेड़छाड़ की गई तथा विरोध करने पर मारपीट की गई। तहरीर मिलने के बाद मामले की जानकारी दूसरे पक्ष को हुई तो आक्रोशित महिलाएं और पुरुष ट्रैक्टर-ट्रॉली में भरकर कोतवाली पहुंचे। उन्होंने एसएसआई विक्रम धामी से मुलाकात कर पूरी घटना की जानकारी दी।

ग्रामीण ओमप्रकाश ने बताया कि अरविंद पांडे द्वारा विधायक निधि से 18 लाख रुपये मंदिर निर्माण के लिए स्वीकृत किए गए थे। निर्माण कार्य में अनियमितताओं और धांधली का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने एसडीएम डॉ. अमृता शर्मा को शिकायती पत्र देकर जांच



की मांग की थी। उनका आरोप है कि पूर्व ग्राम प्रधान एवं वर्तमान ठेकेदार अशोक कुमार द्वारा निर्माण कार्य कराया गया है और जांच को प्रभावित करने के लिए छेड़छाड़ का आरोप लगाकर ग्रामीणों पर दबाव बनाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने पुलिस से निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की।

वहीं ठेकेदार अशोक कुमार ने सभी आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि मंदिर का निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता और मानकों के अनुरूप कराया गया है।

एसएसआई विक्रम धामी ने दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है। इस दौरान पम्मी ठाकुर, कांति, शांति देवी, पायल, हीरा देवी, हरि सिंह, धर्मेंद्र, नीरज, धनीराम, सुमित, राजू सिंह, कुलद. ीप सिंह, प्रमोद, ओमप्रकाश सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

# वन विभाग ने लोगों को किया जागरुक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** मानव वन्य जीव संघर्ष की रोकथाम, न्यूनीकरण एवं वनाग्नि के सम्बन्ध में फील्ड डायरेक्टर कार्बेट टाइगर रिजर्व रामनगर के निर्देशन में कार्बेट टाइगर रिजर्व रामनगर ढेला रेंज के रेंजर भानु प्रकाश हरबोला अध्यक्षता में ढेला रेंज के अन्तर्गत ईडीसी ग्राम हाथीडगर में प्रभाग दिवस के अवसर पर ग्राम सेमलखलिया व हाथीडगर के स्थानीय जन प्रतिनिधियों और ग्रामवासियों के साथ एक जन जागरुकता बैठक और अग्नि सुरक्षा गोष्टी का आयोजन किया गया। जिसमें विभागीय अधिकारियो एवं जनप्रतिनिधियों ने ग्रामवासियों से वन क्षेत्रों में वन्य जीवों की बढती सक्रियता के मद्देनजर लकडी एवं चारापत्ती एकत्र करने के लिए वन क्षेत्र में प्रवेश न करने और वर्तमान में चल रहे फायर सीजन में वनों को आग से सुरक्षित रखने के लिए अपील करते हुये मानव वन्य जीव संघर्ष की रोकथाम के लिए सहयोग की अपेक्षा की गई। इस दौरान ढेला रेंज के रेंजर भानु प्रकाश हर्बोला, ग्राम प्रधान रेनू भण्डारी, ईडीसी अध्यक्ष लालूपूर बासीटीला सुच्चा सिंह, ईडीसी० अध्यक्ष हाथीडंगर जसवंत सिंह,ईडीसी मनोरथपुर बसीटीला सुखविंदर सिंह, ईडीसी अध्यक्ष सावल्दे पूर्व / पश्चिम तारादत्त बेलवाल,जगतसिंह रावत, सिद्धार्थ रावत,नवीन चन्द्र पपनै आदि मौजूद रहे।

# सेलाकुई में स्वच्छता की नई पहल प्रत्येक वार्ड के लिए कूड़ेगाड़ी का प्रबंध

**सेलाकुई।** स्वच्छ और व्यवस्थित शहर के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए नगर पंचायत सेलाकुई ने कूड़ा प्रबंधन व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। लंबे समय से पुरानी और बार-बार खराब होने वाली कूड़े की गाड़ियों के कारण वार्डों में सफाई व्यवस्था प्रभावित हो रही थी। स्थानीय लोगों को समय पर कूड़ा उठान न होने से परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इसी समस्या के समाधान के लिए नगर पंचायत चेयरमैन एवं सभासदों की मौजूदगी में 9 नई कूड़े की गाड़ियों और एक ट्रैक्टर का विधिवत उद्घाटन किया गया। अब वार्ड नंबर 1 से 9 तक प्रत्येक वार्ड में अलग-अलग कूड़े की गाड़ी नियमित रूप से पहुंचेगी, जिससे घर-घर से कूड़ा संग्रहण सुनिश्चित हो सकेगा और स्वच्छता व्यवस्था में सुधार आएगा। कार्यक्रम में सभासद विनोद कुमार सिद्ध, किरण पंवार, कल्पना कोहली, पूनम चौहान, अरशद अली, ब्लॉक प्रमुख अर्चना रावत, वीरांगना आसा रावत सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह को धार्मिक एवं विधिवत रूप देने के लिए डॉ. पंकज किशोर गौड़ द्वारा पूजा-अर्चना कराई गई।






# डायनेस्टी के 38 विद्यार्थियों ने पास की सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी छिनकी फॉर्म खटीमा के 38 विद्यार्थियों श्रेयस उप्रेती, प्रिया भट्ट, आराध्या चंद, कृष मनोला, अवनी चंद, शिवानी कापड़ी, नव्या,गौरव कोरंगा, दक्ष कुमार, पार्थ राय, प्रियांशु, मयंक भंडारी, हर्षित जोशी, अनमय मोहन, ऋषभ, प्रशांत, लाव्या रौतेला, प्रियांशु, रचित, लक्षिता, भरत, आरव जोशी,लोकेश चंद, हर्षित जोशी, जय सिंह, पूर्णिमा पांडेय, मानवी राना, मानवी, गौरीशा राना, जनव सिंह मनोला, दिव्या सामंत, दक्षित ज्याला, आलोक सिंह ज्याला, कनिका राना, नक्श जोशी, आरुषि बोरा, दिया चंद, निलय भट्ट ने ने सैनिक स्कूल की लिखित प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण की। विद्यालय के प्रबंध निदेशक धीरेंद्र चंद्र भट्ट ने समस्त विद्यार्थियों व मार्गदर्शक शिक्षकों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि वर्तमान में विद्यालय शिक्षा के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं का भी विशेष महत्व है। इस अवसर पर विद्यालय की डायरेक्टर प्रेमा भट्ट , प्रधानाचार्य चंद्रकांत पनेरु, प्रशास. निक अधिकारी मनीष चंद, एकेडमिक डायरेक्टर विक्टर आइवन, हरीश भट्ट, अशोक जोशी, सुरेश ओली, केशव जोशी, दिगंबर भट्ट, रितिका जोशी आदि सहित विद्यालय परिवार के समस्त शिक्षकों ने समस्त सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित की।

# शिविर में 83 शिकायतों का निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** नगर पंचायत बनबसा में राज्य सरकार के "जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" अभियान के तहत बहुउद्देश्यीय जनसेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता जिलाधिकारी मनीष कुमार ने की। लगभग 500 से अधिक लोगों की उपस्थिति वाले इस शिविर में कुल 83 शिकायतें दर्ज की गई, जिनमें से अधिकांश का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पात्र लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जनहित से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्राथमिकता है।





















# 150 से अधिक मरीजों का नि:शुल्क उपचार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

> **19 को वितरित की गई श्रवण मशीनें**

**लोहाघाट।** अद्वैत आश्रम मायावती के धर्मार्थ चिकित्सालय में आयोजित दो दिवसीय विशेष ईएनटी (नाक-कान-गला) शिविर का समापन चिकित्सालय प्रभारी स्वामी एकदेवानंद महाराज ने किया। उन्होंने बताया कि शिविर के दौरान 150 से अधिक रोगियों की नि:शुल्क जांच और उपचार किया गया, जबकि 19 जरूरतमंद मरीजों को कान की श्रवण मशीनें प्रदान की गईं। सिलीगुड़ी से आए ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. शेखर बनर्जी के नेतृत्व में ऑडियोलॉजिस्ट डॉ. तिमर, अभिजीत बसु एवं वैशाली बसु की टीम ने आधुनिक मशीनों के माध्यम से कान के रोगियों का सफल उपचार किया। कई मरीज जो लंबे समय से कान बंद होने की समस्या से परेशान थे, उन्हें विशेष सफाई और उपचार के बाद कान सुनने की अनुभूति मिली। कुछ मरीजों ने उपचार के बाद पुरानी मशीनें हटाकर राहत महसूस की।

# आरा मशीन में शॉर्ट सर्किट से आग लगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर में एक आरा मशीन में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग लगने से पीड़ित व्यक्ति को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है।

फायर स्टेशन अधिकारी गोपाल सिंह रावत ने बताया कि तेलीपुरा रोड पर आरा मशीन में आग की सूचना प्राप्त होते ही फायर यूनिट टीम घटनास्थल के लिए रवाना हुए जाकर देखा तो मोहम्मद उस्मान पुत्र अब्दुल माजिद गांव चिलकिया तेलीपुरा रोड रामनगर के डे लाइट फर्नीचर आरा मशीन के लकड़ियों में आग लगी हुई थी, जिसे फायर यूनिट द्वारा कड़ी मशक्कत कर आग को पूर्ण रूप से बुझाया गया। आग लगने के कारण आरा मशीन के पास पड़ी लकड़ियां और मशीनरी जल गई। आग लगने के कारण किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। उन्होंने बताया कि आरा मशीन स्वामी को दो लाख रुपये से अधिक का नुक्सान हुआ है।

# देहरादून के बसंत उत्सव में छाए चंपावत के जैविक उत्पाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** राजधानी स्थित लोक भवन में आयोजित बसंत उत्सव में मॉडल जिला चंपावत के जैविक उत्पादों ने लोगों का दिल जीत लिया। पुष्कर सिंह धामी के मॉडल जिले चंपावत से पहुंचे उत्पादों की ऐसी मांग रही कि कई वस्तुएं स्टॉल पर ही समाप्त हो गईं। बाटुली एफपीओ द्वारा लगाए गए स्टॉल में हेम्प सीड ऑयल, हर्बल टी, रोजमेरी, लेमनग्रास समेत विभिन्न जैविक उत्पादों ने उपभोक्ताओं को खासा आकर्षित किया।

# कृषि पट्टे की जमीन पर खड़ा कर दिया होटल

## 0.220 हेक्टेयर भूमि सरकार में निहित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल जनपद में कृषि प्रयोजन हेतु आवंटित पट्टे की भूमि का व्यावसायिक उपयोग किए जाने का मामला सामने आने पर जिला मजिस्ट्रेट ललित मोहन रयाल ने कड़ी कार्रवाई की है।

जिला मजिस्ट्रेट नैनीताल की न्यायालय द्वारा पट्टे की शर्तों का उल्लंघन पाए जाने पर सूर्या गांव पट्टी चोपड़ा स्थित 0.220 हेक्टेयर भूमि को राज्य सरकार में निहित करने के आदेश पारित कर दिए गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार गोपाल सिंह, केशर सिंह तथा उदुली देवी को श्रेणी-5 व श्रेणी-7(क) के अंतर्गत उक्त भूमि कृषि कार्य के लिए पट्टे पर आवंटित की गई थी लेकिन जांच में पाया गया कि भूमि का उपयोग निर्धारित उद्देश्य के अनुरूप न कर उसे विकास किरोला के पक्ष में लीज पर दे दिया गया। उक्त भूमि पर होटल/रिसोर्ट का निर्माण कर उसे व्यवसायिक गति. विधियों में प्रयुक्त किया जा रहा था। राजस्व अभिलेखों और स्थलीय निरीक्षण में इस अनियमितता की पुष्टि होने के बाद जिला मजिस्ट्रेट/जिलाधिकारी नैनीताल ने भूमि को राज्य सरकार में निहित करने के आदेश जारी किए हैं साथ ही परगना अधिकारी नैनीताल को निर्देशित किया गया है कि नियमानुसार भूमि का विधिवत कबजा प्राप्त कर शीघ्र आख्या प्रस्तुत करें। बता दें प्रशासन की इस कार्रवाई को पटा शर्तों के उल्लंघन पर सखत संदेश के रूप में देखा जा रहा है।

# कुविवि की वुडबॉल टीम ने जीता स्वर्ण व कांस्य पदक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** बीते 22 से 27 फरवरी तक मध्यांचल प्रोफेशनल विश्वविद्यालय भोपाल द्वारा आयोजित अखिल भारतीय अन्तर विश्वविद्यालय वुडबॉल महिला पुरुष प्रतियोगिता 2025-26 में कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल के खिलाड़ियों द्वारा एक स्वर्ण एवं एक कास्य पदक हासिल किया। क्रीड़ा अधिकारी कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल डा. संतोष कुमार द्वारा बताया गया कि प्रतियोगिता से पूर्व प्रशिक्षण शिविर के पश्चात कुमाऊँ विश्वविद्यालय की महिला एवं पुरुष वर्ग की टीम द्वारा अखिल भारतीय अन्तर विश्वविद्यालय वुडबॉल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर महिला डबल इवेंट में गरिमा राणा एवं प्रिया पडियार द्वारा स्वर्ण एवं पुरुष मिकस डबल इवेंट में राजा सिंह एवं आस्था भोरे द्वारा कास्य पदक हासिल




किया। इस टीम में 8 महिला एवं 8 पुरुष वर्ग के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।

टीम के साथ डा. नागेन्द्र शर्मा, लोक. ेश पाण्डेय, श्वेता भाकुनी एवं योगेश पांडेय सम्मिलित रहे। डा. नागेन्द्र शर्मा (सीईओ वुडबॉल एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड) द्वारा बताया गया कि पूर्व में भी वुडबॉल खेल में कुमाऊँ विश्वविद्यालय एवं उत्तराखण्ड के खिलाड़ियों द्वारा राष्टीय प्रतियोगिताओं में कई पदक अर्जित किए गए हैं। कुमाऊँ विश्व. विद्यालय की टीम के उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं जीत के अवसर पर कुलपति कुमाऊँ विश्वविद्यालय प्रो. दीवान सिंह रावत, कुलसचिव डा. मंगल सिंह मंदरवाल, प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय रुद्रपुर प्रोफेसर एएन सिंह तथा प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय हल्द्वानी प्रोफेसर एनएस बनकोटी एवं अन्य लोगों द्वारा टीम को जीत की शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

## नैनीताल के समीप देवीधूरा में होने लगी पानी की दिक्कत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल के समीपवर्ती देवीधूरा क्षेत्र में गर्मी शुरू होते ही पानी की दिक्कत होने लगी है। ग्रामीणों ने जल निगम के अधिका. रियों से पानी की समस्या दूर करने की मांग की मांग की है। जानकारी के अनुसार जल निगम की ओर से देव. ीधूरा कूण पंपिंग योजना के तहत गांव में पानी की लाइन बिछाई गई है। जिससे गांव के परिवारों को सुबह के समय लगभग एक से डेढ़ घण्टा पानी दिया जाता है। लेकिन इन दिनों गर्मी शुरू होते ही गांव में न तो पानी सही समय पर आ रहा ना ही जरूरत के अनुसार पानी मिल पा रहा है। लोगों ने निगम के अधिकारियों से पेयजल व्यवस्था ठीक करने की मांग की है। जल निगम के सहायक अभियंता देवांशु शर्मा ने बताया कि लाइट न आने के कारण बीच में एक दो दिन पानी की आपूर्ति बाधित रही, जल्द ही गांव में पेयजल की सही व्यवस्था कर दी जाएगी।

## एक नजर

### कांग्रेस नगर कबडवाल का इस्तीफा अस्वीकार

**नैनीताल।** जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल ने कहा है कि कांग्रेस नगर कमेटी के अध्यक्ष अनुपम कबडवाल की ओर से उन्हें जो अपने पद से त्यागपत्र के संदर्भ में त्याग पत्र भेजा गया था, उसे अभी उनकी ओर से स्वीकार नहीं किया गया है। छिम्वाल के मुताबिक प्रदेश नेतृत्व से सलाह के बाद ही मामले में वह कोई फैसला लेंगे। छिमवाल ने अनुपम कबडवाल से कहा है कि जब तक कोई फैसला नहीं हो जाता तब तक आप नैनीताल नगर अध्यक्ष के रूप में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वह्न करते रहे।

### पारिवारिक विवाद के बाद फांसी पर झूला युवक

**नैनीताल।** नगर के सात नंबर क्षेत्र में पत्नी से विवाद के बाद शनिवार की देर रात युवक ने फांसी लगाकर खुद की जीवनलीला समाप्त कर ली। सुबह बच्चों ने पिता को छत की बल्ली पर रस्सी के सहारे लटका हुआ देखा। स्वजनों ने शव को नीचे उतार तत्काल बीडी पांडे अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने पंचनामा व पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के मुताबिक सात नंबर निवासी 26 वर्षीय हेम कुमार मजदूरी का काम करता था। शनिवार शाम वह घर पहुंचा तो पत्नी से विवाद हो गया। उसके हाथ उठाने से क्षुबध होकर पत्नी घर छोड़ कर चली गई। देर रात तक उसने काफी तलाशा लेकिन पत्नी का पता नहीं लगा। जिससे देर रात उसने कमरे में खुद को फांसी लगा ली। सुबह बच्चों ने पिता को लटका हुआ देखा तो तत्काल अन्य स्वजनों को सूचित किया। स्वजनों व पड़ोसियों ने कमरे में पहुंच रस्सी काटकर युवक को नीचे उतार बीडी पांडे अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में एसएसआई दिनेश जोशी ने बताया कि सूचना के बाद मौका मुआयना किया गया है। कमरे में नायलॉन की रस्सी से छत की बल्ली से शव लटका मिला था। पंचनामा कर शव पोस्टमार्टम को भिजवा दिया है। प्रथम दृष्टया युवक के आत्महत्या करने की आशंका नजर आ रही है।

### नव संवत्सर पर निकलेगी भव्य शोभा यात्रा

**अल्मोड़ा।** नव संवत्सर को सांस्कृतिक शोभायात्रा को लेकर तैयारियां तेज हो गई है। रविवार को हिंदू सेवा समिति की ओर से तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित हुई। इस दौरान समिति ने 19 मार्च को शहर में भव्य शोभायात्रा निकालने का निर्णय लिया गया। बैठक में समिति के वक्ताओं ने बताया कि हर वर्ष नव संवत्सर के आगमन पर शोभा यात्रा निकाली जाती है। इस साल 19 मार्च को शोभा यात्रा निकाली जाएगी। इसमें महिला सांस्कृतिक दल, छोलिया, फूलों की होली और छोटे-छोटे बच्चों के सांस्कृतिक दल विशेष आकर्षण होंगे। यहां बैठक में समिति के सचिव कमल साह, कोषाध्यक्ष नीरज बोरा, व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष सुशील साह, पूर्व सचिव दीपक साह, बलवंत राणा, भैरव गोस्वामी, आशु गोस्वामी, मनोज वर्मा कांची, व्योम धानिक, गगन जोशी, ललित खोलिया, अश्विन नेगी, प्रतेश कुमार पांडे, विनोद तिवारी, दीपक वर्मा, अवि वर्मा, विपुल कार्की, दिनेश पांडे, हर्ष तिवारी, हिमांशु जोशी समेत कई लोग मौजूद रहे।

### खाद्य सुरक्षा विभाग ने पकड़ा संदिग्ध मावा

**काशीपुर।** होली के त्यौहार पर नकली दुग्ध पेय पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा आज सुबह सरवरखेड़ा चौकी के पास चैकिंग के दौरान लगभग 70 किलो संदिग्ध मावा पकड़ा गया। मावा कारोबारी के आने के बाद टीम ने नमूना लेकर शेष मावा कारोबारी के सुपुर्द कर दिया। जनपद उधमसिंहनगर के सहायक खाद्य सुरक्षा आयुक्त ललित मोहन पांडे ने बताया कि राज्य खाद्य सुरक्षा आयुक्त सचिन गोयल के दिशा-निर्देश पर नकली दुग्ध पेय पदार्थों के खिलाफ 6 फरवरी से आरंभ किया गया अभियान होली तक चलेगा। उन्होंने बताया कि अभी तक संपूर्ण जिले में जांच के लिए नमूने लिए गए हैं, जिसमें मावा, दूध, क्रीम, बर्फी, मिठाइयां तेल, मैदा, नमकीन, चिप्स इत्यादि आते हैं। टीम में सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा जनपद उधम सिंह नगर ललित मोहन पांडे, अपर्णा शाह वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी क्षेत्र जसपुर-काशीपुर आदि थे।

### कुमाऊंनी गीतों पर लूटी महफिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्द्वानी।** देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारयों द्वारा रविवार को बिठौरिया के हर्षित गार्डन में होली मिलन कार्यक्रम धूमधाम के साथ मनाया गया। वहीं होली मिलन कार्यक्रम महिलाओं ने होली के गीतों से रंग बिखेरे,



और कुमाऊंनी होली के गीत गाकर लोगों का दिल जीत लिया। इस अवसर पर देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल संस्थापक अध्यक्ष हुकम सिंह कुंवर ने सभी को होली की शुभ कामनाएं देते हुए नशा मुक्त होली का आवाहन किया। इस मौक पर मंडी परिषद अध्यक्ष डा. अनिल कपूर डब्बू, सुनीति कपूर, बिना कुंवर, लता भट्ट, बीना चौहान, देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अनिल खंडेलवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष गोपाल भट्ट, महामंत्री राजकुमार केसरवानी, तारा भंडारी, खीम सिंह बिष्ट, अजय कृष्ण गोयल, डा. बालम सिंह बिष्ट, डा. केदार पलड़िया, रमेश जोशी, मोहन पाठक, पंकज सुयाल, बृजमोहन सिज़वाली, विक्रम सिंह गौड़, सुरेश तिवारी, सहित कई लोग मौजूद थे।

# केदारनाथ यात्र से पहले पड़ावों पर कूड़ा संकट, लोग नाराज

**■ व्यापारियों ने उठाई ठोस निस्तारण की मांग**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फाटा/रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ धाम के कपाट 22 अप्रैल को खुलने की तिथि नजदीक आते ही यात्रा पड़ावों पर स्वच्छता और कूड़ा प्रबंधन को लेकर व्यापारियों में नाराजगी बढ़ने लगी है। व्यापार संघ गौरीकुंड, सोनप्रयाग, सीतापुर, रामपुर, शेरसी तथा फाटा के पदाधिकारियों ने जिला प्रशासन से ठोस कूड़ा निस्तारण व्यवस्था लागू करने की मांग की है। व्यापारियों का



आरोप है कि सफाई कर्मी बाजारों में सफाई करने के बाद कूड़े को नदी-नालों में डाल देते हैं, जिससे पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है और यात्रा की छवि भी धूमिल हो रही है। उनका कहना है कि कूड़ा प्रबंधन को लेकर कई बार प्रशासन को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन स्थायी समाधान अब तक नहीं निकला। व्यापार संघ प्रति. निधियों ने बताया कि यात्रा सीजन के दौरान एक छोटा वाहन कूड़ा उठाने आता है, लेकिन कूड़े की अधिक मात्रा के कारण अधिकांश कूड़ा ढेरों में ही पड़ा रह जाता है। यात्रा समाप्त होने के बाद शीतकाल में भी फाटा बाजार के समीप जंगलों में कूड़ा बिखरा पड़ा है, जिससे भालू सहित अन्य जंगली जानवर आबादी की ओर आकर्षित हो रहे हैं। स्थानीय ग्रामीणों ने सवाल उठाया कि जब इस समय अधिकांश होटल और लॉज बंद हैं, तो फिर इतनी बड़ी मात्रा में कूड़ा यहां कैसे पहुंच रहा है। उन्होंने जंगलों में फैले कूड़े के वैज्ञानिक निस्तारण की मांग की है। शेरसी के होटल कारोबारी अशोक सेमवाल ने बताया कि पिछले वर्ष बाजार के एक छोर पर अस्थायी डंपिंग जोन बनाया गया था, जहां शेरसी-बड़ासू के साथ अन्य स्थानों का कूड़ा भी डाला गया।

## नैनीताल में रात को 11 बजे से बंद करना बर्दाश्त नहीं: पुनीत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** माँ नयना देवी नैनीताल व्यापार मण्डल नैनीताल ने पुलिस द्वारा बीते लगभग दस दिनों से नैनीताल नगर में सभी व्यापारिक प्रतिष्ठानों, रेस्टोरेंटों तथा मेडिकल की दुकानों को जबरन रात्रि 11 बजे से बंद कराए जाने का विरोध किया है। मां नयना देवी नैनीताल व्यापार मंडल के अध्यक्ष पुनीट टंडन ने कहा कि इस संबंध में व्यापारिक संगठन या प्रतिनिधियों से बिना कोई बात या लिखित जानकारी तथा संबंधित कारणों की जानकारी या किसी धारा के अभाव में अचानक इस प्रकार से जबरन व्यापारिक प्रतिष्ठानों को रात्रि 11 बजे बंद कराया जाना व्यापार मंडल को कदापि स्वीकार नहीं है। कहा कि नैनीताल नगर एक शांति प्रिय शहर होने के साथ एक पर्यटन नगरी है और मुख्यमंत्री द्वारा एक तरफ तो शीतकालीन पर्यटन को बढ़ावा और योजनाएं की बात कही जा रही है और दूसरी और पुलिस प्रशासन द्वारा पर्यटक को परेशानियाँ का सामना करने वाली परिस्थिति बनायी जा रही हैं। पर्यटक अकसर नैनीताल में देर रात में पहुचा करते हैं। कहा कि पुलिस का इस प्रकार के नियम निंदनीय है और हम अपने नगर मैं आने वाले अतिथितियों और पर्यटकों को भोजन भी ना करा पाये यह अत्यंत दुखद है। कहा कि माँ नयना देवी नैनीताल व्यापार मंडल विनम्र अनुरोध के साथ संबंधित उच्च अधिकारियों से उम्मीद करता है कि इस प्रकार से प्रतिष्ठानों को जबरन बंद कराया जाना तुरंत रोका जाएगा।

# भवाली में नवीन सरल नजूल नीति निर्धारित करें सीएम: वर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नगर पालिका परिषद भवाली के पूर्व अध्यक्ष संजय वर्मा ने भवाली में वर्षों से आवास बनाकर जीवन यापन कर रहे सैकड़ों लोगों के अपने एक आशियाने का सपना पूरा करने के लिए नवीन सरल नजूल नीति निर्धारित कर उसे प्रदेश में लालू करने की गुहार मुखयमंत्री पुष्कर सिह धामी से लगाई है। बता दें शनिवार को हल्द्वानी पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिह धामी को भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट के माध्यम से सौंपे गये पत्र के माध्यम से वर्मा ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को अवगत कराया 1916 की पुरानी नोटी फाईडेरिया जो वर्तमान में विस्तीकरण के साथ नगर पालिका परिषद है।

जहां वर्षों से नजूल भूमि पर सैकड़ों लोग अपना आवास बनाकर रहते आ रहे हैं और समय समय पर इन



सैकड़ों लोगों ने अपने एक घर के सपने को लेकर सरकारों द्वारा समय समय पर जारी नजूल निति के तहत उक्त भूमि भवन को उनके नाम दर्ज करने के लिए के लिए शासन सरकार निति के तहत आवेदन भी किया गया है जिसमें दर्जनों लोगों की नजूल निति के तहत आवेदन स्वीकृत भी किये जा चुके हैं और सैकड़ों लोगों के आवेदन गतिमान हैं और उनके द्वारा नजूल निति के तहत प्रथम किस्त के रूप में धनराशि भी सरकारी खाते में जमा भी की जा चुकी है मगर नजूल फ्री होल्ड की निति वर्तमान में गतिमान ना होने से उक्त प्रक्रिया ठप्प पड़ी है। पूर्व पालिकाध्यक्ष संजय वर्मा ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के पत्र सौंपकर मामले में सीएम से त्वरित कार्रवाई की मांग की।

## कल चंद्र ग्रहण, भारत के अधिकांश क्षेत्रों में आंशिक दिखेगा नज़ारा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** कल मंगलवार 3 मार्च को पूर्ण चंद्रग्रहण की खगोलीय घटना शाम को 3.20 बजे शुरू होगी और शाम 6.47 बजे चंद्रमा ग्रहण से मुक्त हो जाएगा। भारत के अधिकांश क्षेत्रों में आंशिक ग्रहण देखा जा सकेगा जबकि जापान, ऑस्ट्रेलिया, फिजी, अलास्का और चीन में पूर्ण चंद्रग्रहण देखने को मिलेगा। आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) के विज्ञान केंद्र प्रभारी डा. वीरेंद्र यादव के अनुसार भारत में पूर्ण ग्रहण का नजारा असम, मणिपुर, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश व अंडमान निक. ोबार में देखने को मिलेगा जो मुश्किल से कुछ ही मिनट देखा जा सकेगा। इसके बाद आंशिक ग्रहण लगा चंद्रमा नजर आएगा। भारत में अलग अलग स्थानों में चन्द्रोदय के अनुसार ही चंद्रग्रहण दिखना शुरू होगा। उत्तर पूर्वी भारत में चंद्रमा अन्य हिस्सों की तुलना जल्दी उदय होता है। जिस कारण इन हिस्सों में ग्रहण अधिक समय देखा जा सकेगा। चंद्रग्रहण शुरू होने के दौरान भारत में दोपहर हो रही होगी जिस कारण शाम को चंद्रमा उदय होने के बाद ही ग्रहण देखा जा सकेगा। 4 मार्च की शाम को 3.20 बजे चंद्रग्रहण शुरू होगा और लगभग 5.03 बजे पूर्ण चंद्रग्रहण शुरू होगा जो 5.33 बजे रहेगा। इसके बाद चंद्रमा से पृथ्वी की छाया छंटनी शुरू हो जाएगी और 6.47 ग्रहण चंद्रग्रहण समाप्त हो जाएगा। दूसरी ओर श्री मां नयना देवी मंदिर के पंडित लक्ष्मी नारायण लोहनी के अनुसार ग्रहण लगने से नौ घंटे पहले सुबह 6.15 बजे सूतक काल शुरू हो जाएगा। इस दौरान मंदिरों के कपाट बंद रहेंगे। सांय 6.47 बजे ग्रहण समाप्त होने के सूतककाल भी समाप्त हो जाएगा।

## पुलिस का चेकिंग अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** आगामी होली और रमजान के अवसर पर जनपद में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के दृष्टिगत डा. मंजूनाथ टीसी एसएसपी नैनीताल द्वारा सभी अधीनस्थ अधिकारियों, थाना प्रभारियों एवं चौकी प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र के सार्वजनिक स्थानों, रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन तथा जनपद बॉर्डर में प्रभावी चेकिंग करने हेतु निर्देशित किया गया है। निर्देशानुसार जनपद के प्रत्येक थाना पुलिस और बीडीएस, डॉग स्क्वायड द्वारा रेलवे स्टेशन तथा बस अड्डे, सार्वजनिक स्थलों में सघन चेकिंग एवं संदिग्ध लोगों से पूछताछ की जा रही है तथा जनता से संदिग्ध गतिविधि की सूचना स्थानीय पुलिस और 112 को देने की अपील की जा रही है। इसी क्रम में रविवार को डॉग स्क्वायड टीम द्वारा मल्लीताल के मल्लीताल बैंड स्टैंड समेत कई स्थानों पर सघन चौकिंग अभियान चलाया।

## होलिकोत्सव: जल कैसे भरूँ यमुना गहरी...

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड की लोक संस्कृति के संरक्षण, संवर्द्धन एवं विकास हेतु समर्पित मकसद संस्था भिकियासैंण अल्मोड़ा उत्तराखंड के तत्वावधान में तथा संस्कृति निदेशालय उत्तराखंड के सहयोग से उत्तराखंड के पारंपरिक



होलिकोत्सव -2026 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्था की सचिव हेमा बिष्ट के निर्देशन में महिला एवं पुरुष होलियारों ने सर्वप्रथम पारंपरिक होली गीतों की सुमधुर प्रस्तुतियाँ दीं, जिनमें सिद्धि को दाता विघ्न विनाशन..., होली खेलें गणपति नाथ..., नगर नेपाला..., जल कैसे भरूँ यमुना गहरी..., मेरी नथ गढ़े दे छेला सुनारा..., शिव मठ पर सोहें लाल ध्वजा..., मैं हाथा जोड़ेनू सब नरनारी... सहित अनेकों मनमोहक होली गीतों की सुंदर प्रस्तुति दी गई। इन गीतों के माध्यम से भक्ति भाव, श्रृंगार और लोकजीवन की झलक ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। सभी ने एक-दूसरे को होली की हार्दिक बधाइयां दीं। रंग-गुलाल लगाकर आपसी प्रेम व सौहार्द और भाईचारे का संदेश दिया तथा पूरे उत्साह और उल्लास के साथ होलिकोत्सव मनाया। होली गायन के उपरांत उत्तराखंड के पारंपरिक झोड़े एवं लोकगीतों की भी प्रभावशाली प्रस्तुति दी गई, होलिकोत्सव में सैकड़ों होली यारों ने भाग लिया जिससे पूरा वातावरण लोकसंस्कृति की मधुरता से सराबोर हो उठा। हेमा बिष्ट ने सभी प्रतिभागियों एवं उपस्थित जनों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाइयां प्रेषित कीं।

# सरोवर नगरी पर चढ़ा होली के रंगों का खुमार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल में रविवार को चारों ओर सुबह से लेकर शाम तक होली की गीतों की धूम मची रही। घरों के साथ ही विभिन्न संस्थाओं की ओर से होली महोत्सव का आयोजन कर वरिष्ठ व युवा होल्यारों का विशेष सम्मान किया।





नैनीताल के पत्रकारों की ओर से छावनी परिषद स्थित आचार्य नरेंद्र देव राष्ट्रीय औद्योगिक व्यवसायिक प्रशिक्षण संस्थान में होली महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान पत्रकारों ने कई होली गीत गाकर आयोजन को भव्य बना दिया। इस मौके पर विधायक सरिता आर्या ने सभी को बधाई दी। इस मौके पर विककी राठौर, भूपेंद्र सिंह बिष्ट, चंदन सिंह अधिकारी, ममता अधिक. ारी, भरत सिंह मेहरा, विकास जोशी समेत पत्रकार किशोर जोशी, गणेश कांडपाल, तेज सिंह नेगी, दीपक कुमार, गुड्डू ठठोला, गौरव जोशी, दामोदर लोहनी, योगिता तिवारी, सुमन, प्रकाश पांडे, संतोष बोरा, पंकज कुमार, संजय कुमार, दिप्ति, पूजा आदि पत्रकार मौजूद थे।

नैनीताल के श्री मां पाषाण देवी मंदिर में मंदिर के पुजारी जगदीश चंद्र भट्ट के निर्देशन में होली महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान अमित डालाकोटी, प्रमोद सुयाल, राजेश मिश्रा, नवीन तिवारी, पंकज भट्ट, अभिषेक, आकाश, ठाकुर सिंह कैड़ा, मंजू रौतेला, रश्मि राणा, विमला तिवारी, जानकी बिष्ट, मंजू डालाकोटी, गीता नैनवाल, कुसुम सनवाल, गिरिजा तिवारी तथा दीपा बिष्ट थे। श्री रामसेवक सभा की ओर से आयोजित 30वें फागोत्सव के तहत स्व. चंद्रशेखर साह की स्मृति में होली एकल गायन कार्यक्रम हुआ।

इस दौरान अमिता साह व राम सेवक सभा के समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा होली गायन में प्रतिभाग करने वाले बाल कलाकारों एवं गायन करने वाले प्रतिभागियों को सममा. नित किया। नैनीताल समाचार पटांगण में होने वाली होली बैठक हर्षोल्लास के साथ हुई। इस अवसर पर वरिष्ठ होलियार अजय कुमार अज्जू को सममानित किया गया। बैठक में पंकज उप्रेती, प्रभात साह गंगोला, मनोज पांडे व रक्षित साह और कक्षा 7 में पढ़ने वाली अवर्णिका जोशी ने विभिन्न राग रागनियों पर आधारित होलियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में धीरज उप्रेती, नवीन बेगाना और अमन महाजन ने तबले में संगत दी। युगमंच द्वारा आयोजित कार्यशाला में प्रक्षिक्षित लगभग दो दर्जन छोटे बच्चों ने भी उपस्थित रसिक श्रोताओं का दिल जीत लिया। कार्यक्रम में युगमंच के जहूर आलम, राजीव लोचन साह, हरीश पंत, प्रो. केबी मेलकानी, सतीश जोशी, रेखा जोशी, डा. प्राची टमटा, राजा साह, योगेश साह, डा. नवीन चंद्र कफलटिया, संजीव भगत, प्रसिद्ध होली गायक हेम पांडे, राजीव त्रिपाठी, हरीश राणा, अनिल कुमार, मनोज कुमार, दया कृष्ण शर्मा, दिनेश उपाध्याय, प्रताप सिंह खाती, अरुण रौतेला तथा विनीता यशस्वी थे।

नैनीताल के साह-चौधरी समाज द्वारा तीसरें होली मिलन समारोह का आयोजन लाला परमा शिव लालदुर्गा साह कुमेय्या धर्मशाला तल्लीताल में किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि विधायक सरिता आर्या, वरिष्ठ कलाकार रेखा साह, सुषमा साह डंडरियाल, सुमन साह को पारंपरिक होली गायन की विधा के लिए सम्मानित किया गया। समारोह में व्यापार मंडल अध्यक्ष मारुती नन्दन साह द्वारा होली के लिए शगुन के रूप में अबीर गुलाल का वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन शैलेन्द्र साह ने किया। इस मौके पर साह-चौधरी समाज के अध्यक्ष सुरेश लाल साह, उपाध्यक्ष हितेश साह, महिला उपाध्यक्ष भारती साह, संगठन मंत्री मयंक साह, उपसचिव मोहित साह, मीडिया प्रभारी मोहित लाल साह, शैलेन्द्र साह, शैलेन्द्र चौधरी, बिमल साह, हर्षित साह समेत कई सदस्य मौजूद रहे।

नैनी महिला एवं बाल विकास समिति सूखाताल में आयोजित होलीकोत्सव में महिला होल्यारों द्वारा गणेश वंदना सिद्धि के दाता विघ्न विनाशन..., होली खेले गिरजापति नंदन... के साथ होली आरंभ की गई, महिलाओं ने मुझे मिल गया नन्दलाल..., होली खेले पशुपति नाथ नगर नेपाला..., बाकी बिहारी तुझे देख कर मेरे नैना उलझ गए... आदि होली गीतों में नृत्य प्रस्तुत किया तथा भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय के बच्चों द्वारा भी राधा कृष्ण नृत्य की सुंदर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के समापन में होली आशीष के बाद संस्था की अध्यक्ष शैलजा सक्सेना ने सभी को होली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में पूर्व सभासद निर्मला चंद्रा, मोहिनी, अंजू, शालिनी, प्रेमा, अनीता, पार्वती, गीता चंद्रा सती, नेहा आर्य, संगीता, विजयलक्ष्मी थापा, चंपा, लता, गंगा, मुन्नी, राजकुमारी समेत भाजपा के पूर्व मंडल उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह बिष्ट समेत कौशल साह जगाती, आदिती खुराना, मनोज तथा किशन लाल आदि उपस्थित रहे।

कंट्री किड्स स्कूल में होली उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों के लिए विशेष रूप से विभिन्न मनो. रंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया। बच्चों एवं अभिभावकों ने मिलकर नृत्य और संगीत की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं जिन्होंने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। पूरे आयोजन में पारिवारिक सौहार्द और सांस्कृतिक रंगत स्पष्ट रूप से देखने को मिली।

# राख होते निशानात: एक और ब्रिटिश इमारत खाक

## अग्निकांड में लाखों का नुकसान होने का अनुमान, गनीमत रही भवन स्वामी नहीं थे घर पर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल में जाड़ा खत्म होने के साथ ही एक आग की घटना ने रविवार को एक और ब्रिटिशकालीन भवन को स्वाहा कर दिया। नगर के सात नंबर क्षेत्र स्थित ग्लैनमोर कोठी भी आग की भेंट चढ़ गई। गनीमत रही कि भवन स्वामी घर पर नहीं थे। दमकल विभाग व क्षेत्रवासियों की कड़ी मेहनत के बावजूद कोठी जलकर राख हो गई। अग्निकांड में लाखों का नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है।

बता दें कि नैनीताल के मल्लीताल क्षेत्र में स्थित ओल्ड लंदन हाउस में बीते 27 अगस्त 2025 को अग्निकांड के चलते 72 वर्षीय बुजुर्ग महिला की मौत हो गई थी। जिसके बाद वहां दोबारा आग लगने की भी घटना हुई। जिसके बाद 9 दिसंबर 2025 को



मल्लीताल चीना बाबा चौराहा स्थित दो मंजिला भवन में लगी भीषण आग की चपेट में आकर 15 कमरे जलकर राख हो गए। अब रविवार को सात नंबर क्षेत्र स्थित ब्रिटिशकालीन ग्लैनमोर कोठी में आग लग गई। अंग्रेजों के जाने के बाद इस कोठी में शहर के कई लोग रह रहे थे, बीते चार दशक से ललित तिवारी व उनकी पत्नी चंद्रा तिवारी यहां निवारत थे। बीते दिनों दोनों ही अपने बेटे से मिलने के लिए गुरुग्राम गए हुए थे। रविवार दोपहर लगभग डेढ़ बजे वह घर के समीप पहुंचे ही थे कि क्षेत्रवासियों ने उन्हें घर से धुंआ निकलने की सूचना दी। आनन फानन में ललित तिवारी घर पहुंचे तो घर के अंदर से धुंआ निकल रहा था। उन्होंने घर का कमरा खोला तो अंदर आग की लपटे उठ रही थी। इस बीच क्षेत्र में उठता धुंआ देख लोगों का जमावड़ा भी लग गया। लोगों ने आनन फानन भीतर रखा बिस्तर तथा गैस सिलिंडर व कुछ और सामान बाहर निकाला लेकिन हवा के चलते आग और बढ़ गई। देखते ही देखते आग ने कोठी को चपेट में ले लिया। सूचना पर दमकल विभाग के साथ ही पुलिस व एसडीआरएफ की टीम भी मौके पर पहुंच गई। दमकल की ओर से तीन फायर टेंडर से आग में पानी की बौछार की लेकिन तब तक भवन जलकर राख हो गया। लेकिन लोगों ने आग को अन्य भवनों में फैलने से रोक दिया। घटना के दौरान मौके पर अफरा तफरी मची रही। मामले में एफएसओ देवेंद्र सिंह नेगी ने बताया कि आग समीपवर्ती आबादी क्षेत्र तक न पहुंचे इसके लिए आग को फैलने से रोका गया। बताया कि भवन के अंदर सुलग रही लकड़ियों को बुझा दिया गया है। बताया कि विभागीय टीम नुकसान के आंकलन में जुटी हुई है। बताया कि आग लगने के कारणों का भी पता लगाया जा रहा है।

## मंगलौर विधायक के पुत्र ने न्यूजीलैंड की आर्थिक राजधानी ऑकलैंड में

# काजी सिराजुद्दीन ने किया भारत का नाम रोशन

**❖मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने काजी सिराजुद्दीन के साथ ली सेल्फी**

**❖विधायक काजी निजामुद्दीन के सुपुत्र काजी सैयद सिराजुद्दीन ने छात्र दल की ओर से भारत के आर्थिक सुधारों व निरन्तर विकास प्रक्रिया पर दिया व्याख्यान**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** न्यूजीलैंड की आर्थिक राजधानी कहे जाने ऑकलैंड शहर में विश्व की वर्तमान आर्थिक स्थिति और वित्तीय नीति पर अंतरराष्ट्रीय व्याख्यान शाला का आयोजन किया गया, जिसमें विश्व के अनेक विश्व विद्यालयों के छात्रों व अर्थशास्त्रियों ने भाग लिया। ओपी जिंदल यूनिवर्सिटी हरियाणा के छात्र व मंगलौर विधायक काजी निजामुद्दीन के सुपुत्र काजी सैयद सिराजुद्दीन ने छात्र दल की ओर से भारत के आर्थिक सुधारों व निरन्तर विकास प्रक्रिया पर विचार प्रस्तुत किये। आउटलुक-2026 ग्लोबल करंटस टू लोकल इम्पेक्ट विषय पर हुई आर्थिक कार्यशाला में न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया तथा न्यूजीलैंड और भारत की विकासशील अर्थव्यवस्था की विश्व बाजार में उपयोगिता, समन्वय व सतत् विकास पर बल दिया।



काजी सिराजुद्दीन ने न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन से विशेष भेंट की।प्रधानमंत्री लक्सन ने काजी के साथ सेल्फी भी ली।यूनिवर्सिटी के प्रोक्टर प्रोफेसर ने न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री से काजी सिराजुद्दीन का परिचय कराते हुए बताया कि काजी का परिवार लगभग सौ वर्षों से भारत की राजनीति में भागीदारी निभाता चला आ रहा है,जिनमें इनके परदादा काजी अब्दुल वली अंग्रेजी शासन में एमएलसी,दादा काजी मोहिउद्दीन उत्तर प्रदेश में तीन बार मंत्री व पिता काजी निजामुद्दीन चार बार विधायक रहे और वर्तमान में भी उत्तराखंड विधानसभा में सदस्य हैं, यही नहीं इनके परनाना सैयद सईदुल हसन उत्तर प्रदेश में चार बार कैबिनेट मंत्री और दादा के परिवार से ही सैयद सईद मुर्तजा मंत्री व सांसद तथा दादा के भाई सईदुज्मा उत्तर प्रदेश के गृहराज्य मंत्री रहे।

न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री लक्सन ने होनहार काजी सिराजुद्दीन के प्रस्तुतिकरण की तारीफ की तथा अपने साथ भोजन पर सभी छात्रों सहित आमंत्रित किया। उत्तराखंड और हरिद्वार का मान बढ़ाने पर सभी वर्गों,सभी दलों व संस्थाओं के सदस्यों ने अपनी बधाई दी है।

## छात्रों के दो गुटों में मारपीट एक घायल

**रुड़की।** किशनपुर गांव के समीप स्थित एक प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान में छात्रों के दो गुटों के बीच जमकर कहासुनी और मारपीट हुई। कैंपस के भीतर हुए इस हंगामे से अफरा-तफरी मच गई। संघर्ष के दौरान सहारनपुर निवासी एक छात्र चोटिल हो गया, जिसने थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। किशनपुर के समीप स्थित एक निजी शिक्षण संस्थान में किसी बात को लेकर छात्रों के दो गुट आमने-सामने आ गए। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों में लात-घूंसे चलने लगे।

# झबरेड़ा में भाजपाइयों ने हर्षोल्लास से मनाया होली मिलन समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** झबरेड़ा के मंगलौर मार्ग पर स्थित एक बैंकट हाल में भाजपाइयों द्वारा होली के अवसर पर होली मिलन समारोह किया गया। कस्बा झबरेड़ा के मंगलौर मार्ग पर स्थित एक बैंकट हाल में भाजपाइयों द्वारा होली के शुभ अवसर पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि संगठन महामंत्री अजय तथा अन्य अतिथियों का पटका पहना और होली स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान कार्यक्रम को रंगीन और भव्य बनाने के लिए लोकसंगीतकार रागिनी कलाकार बलराम मुहुलाना ने होली व एकता गीतों से लोगों का मनोरंजन किया जिसका लोगो ने भरपूर आनंद उठाया। होली मिलन पर भाजपाइयों द्वारा एक दूसरे पर फूल डालकर फूलों की होली खेली गई। मुख्य अतिथि संगठन महामंत्री अजय ने होली के पावन त्यौहार पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गीतों के माध्यम से जीवन को जिया जाता है हमे मिल कर चलना होगा हम राजनैतिक लोग है हमसे बड़ा देश है हमें देश के विषय में सोचना होगा। देश चौमुखी विकास की ओर अग्रसर है।होली का त्यौहार बुराई नफरत को छोड़ अच्छाई की ओर बढ़े। हिंदू धर्म सबका कल्याण चाहने वाला है। मोदी की सरकार में देशवासी गरीबी रेखा से ऊपर उठे है। धामी के नेतृत्व में राज्य आगे बढ़ रहा है उन्होंने कहा कि मैं रहूं ना रहूं देश रहना चाहिए और जाति में न बट कर हिन्दू बनने का आवाहन किया गया। इस अवसर पर दर्जाधारी श्यामवीर सैनी, देशराज कर्णवाल,आदित्य बृजवाल जिला अध्यक्ष डॉ मधु, रोमा सैनी,जितेंद्र कुमार,अमीलाल वाल्मीकि, गोविंदपाल, महावीर सैनी, इंद्रीश मोती, मुकेश कश्यप, पवन तोमर, वैजयंती माला, कुलदीप सैनी, शुभम, अक्षय आदि भाजपाई मौजूद रहे।

# विभाग ने होली से पूर्व फायर हाइड्रेंटों का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** आगामी होली पर्व एवं ग्रीष्मकालीन फायर सीजन को दृष्टिगत रखते हुए शहर में संभावित अग्नि दुर्घटनाओं की संवेदनशीलता के मद्देनजर फायर स्टेशन रुड़की द्वारा व्यापक हाइड्रेंट चेकिंग अभियान चलाया गया। यह अभियान उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार अग्निशमन अधिकारी के नेतृत्व में संपन्न हुआ, जिसमें जल संस्थान रुड़की की टीम ने भी सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

निरीक्षण के दौरान फायर स्टेशन क्षेत्र के अंतर्गत स्थापित सभी प्रमुख फायर हाइड्रेंटों का भौगोलिक एवं तकनीकी परीक्षण किया गया। जल दबाव, वाल्व की कार्यशीलता, मार्ग की उपलब्धता तथा आपातकालीन उपयोग की स्थिति का गहन निरीक्षण किया गया, ताकि किसी भी आकस्मिक अग्निकांड की स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।जांच के दौरान चिन्हित अकार्यशील हाइड्रेंटों के संबंध में जल संस्थान एवं संबंधित उच्च अधिकारियों को पत्राचार कर शीघ्र मरम्मत कराने की कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। विभाग द्वारा यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सभी हाइड्रेंट शीघ्र ही पूर्ण रूप से कार्यशील स्थिति में आ जाएं।

**कार्यशील फायर हाइड्रेंट-** रुड़की टॉकीज, सिविल लाइन क्षेत्र, आवास विकास कॉलोनी, तिकोना पार्क के निकट, कोतवाली गंगनहर क्षेत्र, रिक्शा स्टैंड, चंद्रपुरी, कोतवाली गंगनहर क्षेत्र, नेहरू स्टेडियम के पास, मुख्य सड़क किनारे, कोतवाली गंगनहर क्षेत्र, गांधी वाटिका, फायर स्टेशन रुड़की के निकट, विश्वकर्मा चौक, कोतवाली गंगनहर क्षेत्र।



**अकार्यशील फायर हाइड्रेंट-** एसडीएम चौक, रोडवेज के पास, थाना सिविल लाइन क्षेत्र, डमडमा चौक, खंजरपुर, गंगोत्री भवन (सिंचाई विभाग कार्यालय रोड), थाना सिविल लाइन क्षेत्र,होटल बादशाह के निकट, चौकी सौत-बी, कन्या जूनियर हाईस्कूल के समीप। नागरिकों से अपील अग्निशमन विभाग द्वारा समस्त नागरिकों से अपील की जाती है कि होली पर्व के अवसर पर ज्वलनशील पदार्थों का उपयोग सावधानीपूर्वक करें, विद्युत उपकरणों की नियमित जांच कर लें तथा सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षा मानकों का पालन करें। किसी भी आपात स्थिति में तत्काल फायर स्टेशन रुड़की को सूचित करें।

# लक्सर कोतवाली में शांति समिति की बैठक संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** आगामी होली और रमजान के पवित्र पर्वों को शांतिपूर्ण व सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से आज, 28 फरवरी 2026 को कोतवाली लक्सर में एक महत्वपूर्ण गोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रभारी निरीक्षक श्री प्रवीण सिंह कोश्यारी के निर्देशन में आयोजित इस बैठक में क्षेत्र केग्रामप्रधानोंजनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया।

भाईचारे और आपसी सम्मान का संदेशबैठक को संबोधित करते हुए वरिष्ठ उप निरीक्षक नितिन चौहान ने उपस्थित जनसमूह से सभी पर्वों को मिलजुल कर और हर्षोल्लास के साथ मनाने का आह्वान किया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि:सभी नागरिक एक-दूसरे के धर्म और परंपराओं का पूर्ण सम्मान करें।कोई भी ऐसा कृत्य न करें जिससे दूसरे धर्म की भावनाएं आहत हों।त्योहारों की मर्यादा बनाए रखते हुए पुलिस-प्रशासन का सहयोग करें।सोशल मीडिया पर रहेगी पैनी नजरपुलिस प्रशासन द्वारा सोशल मीडिया के दुरुपयोग को लेकर भी सख्त चेतावनी दी गई। बैठक में उपस्थित सदस्यों को निर्देशित किया गया कि वे किसी भी प्रकार के दुष्प्रचार, अनावश्यक व आपत्तिजनक पोस्ट को साझा न करें। भ्रामक खबरों पर लगाम लगाने के लिए स्थानीय प्रबुद्ध जनों से सक्रिय सहयोग की अपेक्षा की गई।सुरक्षा और जन-जागरूकता पुलिस ने जनता के बीच सुरक्षा का भरोसा दिलाते हुए डायल 112 और अन्य आपातकालीन माध्यमों का अधिक से अधिक उपयोग करने की सलाह दी। इसके अतिरिक्त, बैठक में दो अन्य प्रमुख विषयों पर भी चर्चा हुई:साइबर अपराध: साइबर फ्रॉड से बचाव के तरीके साझा किए गए।नशा मुक्ति: मादक द्रव्यों की तस्करी रोकने और युवाओं को नशे से बचाने के लिए जनता से पुलिस का हाथ बंटाने की अपील की गई।उपस्थित नागरिकों और ग्राम प्रधानों ने पुलिस को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। बैठक में मौजूद अधिकारी: गोष्ठी में मुख्य रूप से चौकी प्रभारी सुल्तानपुर नरेंद्र सिंह, चौकी प्रभारी भीकमपुर लोकपाल परमार, चौकी प्रभारी रायसी अजय सहित कोतवाली लक्सर के तमाम पुलिसकर्मी और क्षेत्र के सम्मानित लोग उपस्थित रहे।



# वन विभाग ने पत्रकारों के साथ मनाया होली मिलन समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** होली पर्व के पावन अवसर पर रुड़की वन विभाग द्वारा एक भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के पत्रकारों, वन विभाग अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया।

जानकारी के अनुसार इस अवसर पर सभी ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर प्रेम, एकता और सद्भाव का संदेश दिया। समारोह में पत्रकारों और वन विभाग टीम के बीच सकारात्मक संवाद भी हुआ, जिसमें पर्यावरण संरक्षण, वन संपदा सुरक्षा एवं जनजागरूकता से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। इस मौके पर एसडीओ वन विभाग रुड़की ज्वाला प्रसाद ने काफी मीडिया समाज और प्रशासन के बीच एक मजबूत सेतु का कार्य करता है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम आपसी समन्वय, संवाद और सहयोग को और मजबूत बनाते हैं। कार्यक्रम में प्रेस क्लब समिति रजिस्टर्ड रुड़की के उपाध्यक्ष रियाज कुरैशी सहित पत्रकार दीपक अरोरा, नितीन कुमार, सुभाष सैक्सना, योगराज पाल, अमित कुमार सैनी, गौरव वत्स, सुनील पटेल, रवि सैक्सना, रजनीश सहगल एवं राजकुमार सहित अनेक पत्रकार मौजूद रहे।



# गंगनहर पुलिस की मुस्तैदी , किशोरी पानीपत से सकुशल बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** कोतवाली गंगनहर क्षेत्र में नाबालिग के लापता होने के मामले में पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए तीन दिन के भीतर किशोरी को हरियाणा के पानीपत से सकुशल बरामद कर लिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह के निर्देशन में चलाए गए विशेष अभियान के तहत आरोपी युवक को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले में अब पॉक्सो अधिनियम की धाराएं बढ़ाते हुए अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 25 फरवरी 2026 को कोतवाली गंगनहर क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने अपनी 14 वर्षीय पुत्री के घर से बिना बताए चले जाने की लिखित सूचना दी थी। तहरीर के आधार पर कोतवाली गंगनहर में मुकदमा अपराध संख्या 83/2026 दर्ज किया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।

प्रभारी निरीक्षक कोतवाली गंगनहर ने अलग-अलग टीमों का गठन कर संभावित स्थानों पर दबिश देना शुरू किया और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। लगातार प्रयासों और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस टीम ने परिजनों के सहयोग से 28 फरवरी 2026 को किशोरी को पानीपत (हरियाणा) से सकुशल बरामद कर लिया।

पूछताछ में किशोरी ने बताया कि उसे शुभम उर्फ छोटा पुत्र पप्पू निवासी बस्तम, थाना देवबंद, जनपद सहारनपुर (उत्तर प्रदेश) बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था। किशोरी के बयान के आधार पर मुकदमे में पॉक्सो अधिनियम की धाराएं बढ़ाई गई हैं। आरोपी को हिरासत में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक वीरेंद्र सिंह नेगी, उपनिरीक्षक मनसा ध्यानि, अपर उपनिरीक्षक आशीष कुमार, हेड कांस्टेबल रघुवीर सिंह तोमर और महिला कांस्टेबल मीनू शामिल रही।

# सिविल लाइन पुलिस ने एक मोटर चोर दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** सिविल लाइन कोतवाली पुलिस ने एक मोटर चोर को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी की मोटर बरामद की है

जानकारी के अनुसारदिनांक 28 226 को वादी श्रीमती सुकरमा पत्नी स्वर्गीय धीरा सिंह निवासी ग्राम टोडा एतमाल कोतवाली रुड़की जनपद हरिद्वार के द्वारा लिखित शिकायत के आधार पर वादियां के खेत से पानी की मोटर व पंखा चोरी करने के संबंध में कोतवाली रुड़की पर मुकदमा अपराध संख्या 69/ 26 धारा 303 (2) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत कराया गया जिसकी विवेचना उपनिरीक्षक मोहन सिंह कठैत के सुपुर्द की गई प्रभारी निरीक्षा कोतवाली रुड़की द्वारा उक्त घटना का संज्ञान लेते हुए उप निरीक्षक मोहन सिंह कठैत के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया पुलिस टीम के द्वारा पता रसी सुराग रासी व सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दिनांक 28.02.26 को अभियुक्त अभय कुमार पुत्र सुशील कुमार निवासी टोडा एतमाल कोतवाली रुड़की जनपद हरिद्वार को टोडा एतमाल से मय चोरी किए गए माल के साथ गिरफ्तार किया गया अभियुक्त को माननीय न्यायालय पेश किया जा रहा है।

## शैक्षिक भ्रमण में छात्रों ने वन्यजीवों की गतिविधियों का लिया आनंद

**झबरेड़ा।** पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज लाठरदेवाहूण नारसन के छात्र-छात्राओं ने एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण के अंतर्गत देहरादून में स्थित चिड़ियाघर में वन्यजीवों की गतिविधियों का आनंद लिया।

शैक्षिक भ्रमण के दौरान वन्य क्षेत्राधिकार विनोद कुमार लिङ्गियाल वन्यजीवों से संबंधित गहन जानकारी छात्र-छात्राओं को दी उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि हमें वन्यजीवों सदैव संरक्षण देना चाहिए वन्यजीवों का समाज के सुरक्षा एवं संरक्षण में महत्वपूर्ण स्थान होता है। शैक्षिक भ्रमण के दौरान विपुल सालार, सूरजभान वीरेंद्र राणा, आशा चौधरी, मुनेश, रेखा, अनु , सुषमा, राकेश शर्मा प्रताप नारायण, बृजेंद्र, डा आदेश एवं आलोक द्विवेदी आदि ने उपस्थित होकर सहयोग दिया। शैक्षिक भ्रमण से पूर्व राजकीय इंटर कॉलेज लाठरदेवाहूण के प्रधानाचार्य चंद्रपाल सिंह सफलतापूर्वक शैक्षिक भ्रमण हेतु ढेर सारी बधाई दी।

# राजकला हंस मंदिर ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूड़की।** नगर की सबसे पुरानी सामाजिक संस्था राजहंस कला मंदिर द्वारा होली मिलन समारोह का हर्षोल्लास के साथ आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। नन्हे कलाकारों के गीत, नृत्य और कविताओं पर उपस्थित लोगों ने जमकर तालियां बजाई।

जानकारी के अनसार समारोह का मुख्य आकर्षण राधा-कृष्ण रूपी कलाकारों की मनमोहक नृत्य प्रस्तुति रही। कलाकारों ने जब भक्ति और श्रृंगार से सराबोर प्रस्तुति दी तो पूरा पंडाल तालियों से गूंज उठा। कार्यक्रम के दौरान सभी ने राधा-कृष्ण स्वरूप कलाकारों को फूलों से सजाया और एक-दूसरे के साथ फूलों की होली खेलकर प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया। अंत में होली के पारंपरिक गीतों पर सभी जमकर झूमे और उत्सव का आनंद लिया। संस्था के अध्यक्ष ने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि आपसी प्रेम, सद्भाव और सामाजिक एकता का प्रतीक है। राजहंस कला मंदिर वर्षों से सांस्कृतिक परंपराओं को संजोए हुए है और ऐसे आयोजनों के माध्यम से नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़ने का कार्य कर रहा कार्यक्रम का संचालन बलवीर कुमार गोयल ने किया। इस अवसर पर संस्था कोषाध्यक्ष पारस गोयल,पूर्व अध्यक्ष गोपाल पुरी,किरण कौशिक, नवनीत सिंघल,आनंद अग्रवाल,योगेश सिंघल,गोविंद,पवन गोयल,अफजल मंगलौरी,शेखर सिंघल,राजीव चंद्रा,मीनू सिंघल,मेघा सिंघल,साधना पुरी,गौरव गोयल,संजीव अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## भगवानपुर थाने में होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक

# आपस में मिल-जुलकर सद्भाव के साथ मनाएं त्योहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से थाना भगवानपुर परिसर में एक महत्वपूर्ण गोष्ठी का आयोजन किया गया। यह बैठक हरिद्वार पुलिस के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में आयोजित की गई, जिसमें क्षेत्राधिकारी मंगलौर तथा एसडीएम भगवानपुर की उपस्थिति रही।

बैठक में सीएलजी (कम्युनिटी लायजन ग्रुप) के सदस्य, क्षेत्र के सम्मानित नागरिक, जनप्रतिनिधि तथा विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि शामिल हुए। अधिकारियों ने उपस्थित लोगों से होली के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सक्रिय सहयोग की अपील की। साथ ही सभी से सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने, अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने का अनुरोध किया गया। गोष्ठी के दौरान अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि होली के अवसर पर अराजकता फैलाने, हुड़दंग करने, जबरन रंग डालने, शराब पीकर उत्पात मचाने अथवा शांति भंग करने वाले तत्वों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे तथा संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जाएगी। अधिकारियों ने कहा कि होली आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का पर्व है, जिसे शांति और सद्भाव के साथ मनाया जाना चाहिए। पुलिस प्रशासन ने आश्वासन दिया कि त्योहार के दौरान पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा और गश्त बढ़ाई जाएगी, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।



बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया और क्षेत्र में शांति बनाए रखने का संकल्प लिया।पुलिस प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे होली का पर्व परंपराओं के अनुरूप, संयम और जिम्मेदारी के साथ मनाएं, जिससे पूरे क्षेत्र में शांति और भाईचारा बना रहे।

# असाही ग्लास कंपनी में घुसे चोर, अज्ञात पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** क्षेत्र स्थित कंपनी में चोरी की एक बड़ी वारदात सामने आई है। कंपनी के सुरक्षा प्रबंधक की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

झबरेड़ा क्षेत्र के गांव लाठरदेवा हुन स्थित असाही इंडिया ग्लास लिमिटेड कंपनी के सुरक्षा प्रबंधक बाबूदास निवासी राजविहार कॉलोनी, ढन्डेरा, रुड़की द्वारा पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 21 फरवरी को देर रात करीब 1:45 बजे अज्ञात चोरों ने कंपनी के ढ्य भवन में सेंध लगाई। चोरों ने वहां से बिजली का लगभग 70 मीटर लंबा कॉपर केबल चोरी कर लिया और मौके से फरार हो गए। घटना के संबंध में पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि चोरों का सुराग लगाया जा सके। थाना अध्यक्ष अजय शाह ने बताया कि कंपनी परिसर से कीमती कॉपर केबल चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम चोरों की तलाश में जुटी है।

